www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 93 || लखनऊ
शुक्रवार
03 जुलाई 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:16
सूर्यास्तः 07:04
अधिकतमः 36:00
न्यूनतमः 29:00

पेज 07



विशेष समाचार: प्लास्टिक बैग से जकड़ी ... >>पेज 04 | 15 फीट ऊपर से गिरी लड़की... >>पेज 06 | अभिषेक सबसे तेज 100 टी 20 ...

## एसआईटी ने गोपाल राव को बाहर बैठाया, चढ़ावा चोरी के दो आरोपियों के घर बुलडोजर एक्शन की तैयारी

# राममंदिर ट्रस्टी अनिल मिश्रा से बंद कमरे में पूछताछ

### गिरफ्तार आरोपी और बरामदगी

आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर लिया गया।
उसके घर से:
- राम मंदिर का संदूक
- 20 लाख नकद
- 1000+ डॉलर
- गहने बरामद हुए


वह मंदिर में चढ़ावे की गिनती का काम करता था।





### 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतरे

गुरुवार सुबह 11.45 बजे अयोध्या में 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतर आए। चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर FIR की मांग कर नारेबाजी की। सिविल लाइन चौकी जाकर उन तीनों समेत 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दी।चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। यूपी सरकार ने 13 जून को SIT बनाई। 25 जून को FIR हुई। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया।



**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेज हो गई है। गुरुवार को ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा से मंदिर के एक बंद कमरे में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) पूछताछ कर रही है। वहीं, आमंत्रित ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव को कमरे के बाहर बैठाया गया है। इससे पहले रविवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से करीब 3 घंटे पूछताछ हुई थी। अब उनके बयानों का मिलान करने और आरोपियों लवकुश मिश्रा व अनुकल्प मिश्रा की नियुक्ति में ट्रस्ट पदाधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। SIT गुरुवार दोपहर 3 बजे राम मंदिर पहुंची थी। इससे पहले टीम 15 से 20 जून तक भी मामले की जांच कर चुकी है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल बोले- राम मंदिर चोरी की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने राम मंदिर चंदे में कथित हेराफेरी के मामले पर कहा, अयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट को केंद्र सरकार ने नॉमिनेट किया था। इस देश के उन गरीब लोगों ने दान दिया है जो भगवान राम में आस्था रखते हैं। चोरी के बाद आप उसे सही ठहरा रहे हैं और जो लोग चोरी पर सवाल उठा रहे हैं, उनकी आलोचना कर रहे हैं। इसका मतलब है कि आप उन लोगों का बचाव कर रहे हैं जिन्होंने यह किया है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी अयोध्या में डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव से राम मंदिर के अंदर एक घंटे से पूछताछ कर रही है। अनिल मिश्रा ट्रस्ट से इस्तीफा दे चुके हैं।

### दिल्ली के भाजपा सांसद नरेश बंसल बोले- राम मंदिर की पूरी सत्यता बाहर आए

दिल्ली के भाजपा सांसद नरेश बंसल ने राम मंदिर चंदे में कथित हेराफेरी के मामले पर कहा, SIT को जितनी भी जांच करनी है, वो जांच होनी चाहिए और पूरी सत्यता निकलकर सामने आनी चाहिए। दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए क्योंकि सभी की विश्वसनीयता का सवाल है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर आरोपी टिन्नू के भाई दिनेश यादव ने कहा- बड़े लोग खुद को बचाने के लिए छोटे लोगों को फंसा रहे हैं।

### ट्रस्टी दिनेंद्र दास बोले- पूरी गलती गोपाल राव की

चढ़ावा चोरी मामले में अब ट्रस्ट के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। पहली बार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा- पूरी गलती गोपाल राव की है। वे राजनीति कर रहे हैं। वो सबको उलझा देते हैं। वो राम की परंपरा नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर के निर्माण प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य थे। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं।

यूपी के सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने गुरुवार को बलिया में कहा कि चढ़ावा चोरी के पैसे से भाजपा के कार्यालय बन रहे थे। राम मंदिर में चोरी नहीं, बल्कि सीधे-सीधे डकैती हुई है। इसमें करोड़ों का खेल है। एफआईआर केवल ढोने वालों और मजदूरों पर हुई है, जिससे लगता है कि बड़ी मछली छोटी मछली को बचा रही है। रमाशंकर राजभर ने दान की गई वस्तुओं के गायब होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोई 40 किलो चांदी, कोई मर्यादा पुरुषोत्तम राम को मुकुट देने की बात कह रहा है, लेकिन वह मुकुट कहां है?

**राम मंदिर चढ़ाचा चोरी पर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा, सिर्फ जांच से कुछ नहीं होगा। भारत के लोगों को यह समझने की ज़रूरत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देश में जो माहौल बनाया है, उसने पूरे लोकतांत्रिक सिस्टम को भ्रष्ट कर दिया है। पैसे के दम पर राजनीतिक पार्टियों को तोड़ा जा रहा है, एमएलए और एमपी की खरीद-फरोख्त हो रही है और एमपी को दूसरी जगहों पर भेजा जा रहा है। यह सब प्रधानमंत्री की सहमति से हो रहा है। जब आप पूरे सिस्टम को इतना भ्रष्ट बना देते हैं, तो राम मंदिर भी इससे अछूता नहीं रह सकता।**

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य बोले- जो चोरी करेगा, उस पर कार्रवाई होगी

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- अखिलेश यादव जो कर रहे हैं, उससे सपा और रसातल में जा रही है। राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए जिन लोगों ने परम तपस्वियों की तरह काम किया है।

# गले 5 दिनों तक मॉनसूनी बारिश

### कई जिलों में भारी बरसात संग बिजली गिरने का भी अलर्ट

**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में अगले पांच तक मॉनसूनी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विन विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम केंद्र, लखनऊ ने उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मॉनसूनी गतिविधियां तेज रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



# बेंगलुरु में पत्थर खदान में चट्टान गिरी, 7 की मौत

### हादसे के समय 17 लोग काम कर रहे थे, दिहाड़ी मजदूर थे सभी मृतक

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजूदरों की मौत हो गई। शुरुआत में पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी थी कि सभी मृतक बिहार के रहने वाले हैं। लेकिन, बाद में स्पष्ट किया गया कि 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था। घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा।



- कावेरी क्रसर की साइट पर यह हादसा हुआ। चट्टान का बड़ा हिस्सा मजदूरों पर गिरा।
- खदान में मौजूद लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त 18 लोग काम कर रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### विभाजन के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं : भागवत

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले लोगों को शरणार्थी कहना सही नहीं है। वे 'संघर्ष के योद्धा' थे, जिन्होंने कई पीढ़ियों की बनाई जमीन, कारोबार और संपत्ति छोड़कर भारत को चुना।

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था जम्मू से रवाना

देहरादून/श्रीनगर। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुरुवार सुबह 4 बजे अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया। श्रद्धालु 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए। 57 दिन की यात्रा 3 जुलाई से पहलगाम और बालटाल दोनों रास्ते से शुरू होकर 28 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलेगी। पहले जत्थे में सिर्फ उन्हीं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया, जिन्होंने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया था। जिन्होंने RFID कार्ड बनवाया था और ई-केवाईसी पूरी की थी।

### चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी कांग्रेस छोड़ सकते हैं

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस को संगठनात्मक फेरबदल के बाद बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान की ओर से गठित की गईं चुनावी समितियों से चंडीगढ़ के मौजूदा सांसद मनीष तिवारी को बाहर रखा गया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है।

# फैसलों में एआई के फर्जी उदाहरण खतरनाक : एससी

### ये मिथाइल आइसोसाइनेट जैसे, इससे न्याय व्यवस्था को नुकसान, एनसीएलटी का फैसला रद्द

**टिप्पणी**

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से बनाए गए नकली कानूनी उदाहरणों का इस्तेमाल खतरनाक है। कोर्ट ने इसकी गंभीरता समझाने के लिए कहा कि यह खतरा उतना ही बड़ा है, जितना भोपाल गैस त्रासदी में जहरीली (AI) गैस का रिसाव था। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) का फैसला रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा- AI से बनाए गए झूठे और गैर-मौजूद फैसलों को कोर्ट में असली बताकर पेश करना न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए ऐसे मामलों में अदालतों को बिल्कुल भी नरमी नहीं दिखानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि नकली कानूनी जानकारी दिखने में छोटी बात लग सकती है, लेकिन यह बहुत खतरनाक होती है। इससे न्यायिक प्रक्रिया खराब होती है और अदालत के फैसलों पर लोगों का भरोसा भी कम हो सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# सुजुकी दो-तिहाई कारें भारत में बना रही : मोदी

### जापान की मदद से देश में खाद के 1000 कारखाने लगेंगे, पीएम ताकाइची को बहन कहा

**मोदी ने कहा कि आज दुनिया में बिकने वाली सुजुकी की दो-तिहाई कारें भारत में बन रही हैं और इन्हें 100 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जापान के सहयोग से देश में करीब 1000 खाद (फर्टिलाइजर) कारखाने लगाए जाएंगे। दोनों देशों ने अगले 10 साल में भारत में 10 ट्रिलियन येन के जापानी निवेश का लक्ष्य भी रखा है।**




तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और जापान ने आर्थिक साझेदारी को नई रफ्तार देने का फैसला किया है। भारत-जापान जॉइंट इकोनॉमिक फोरम में प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी कंपनियों की दिक्कतें दूर करने के लिए 'जापान बिजनेस वीक' शुरू करने का ऐलान किया।

इसके तहत PMO के सीनियर अधिकारी सीधे जापानी निवेशकों से बातचीत करेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### भारत-जापान के बीच 129 समझौतों का ऐलान

भारत-जापान जॉइंट इकोनॉमिक फोरम में 129 समझौता ज्ञापनों (MoUs) का ऐलान किया गया। इन समझौतों का मकसद दोनों देशों के बीच निवेश, उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक, कौशल विकास और सप्लाई चेन सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही, भारत में 2 ट्रिलियन जापानी येन (1.18 लाख करोड़ रुपए) से अधिक के भारी निवेश की घोषणा की गई है।



- भारत-जापान जॉइंट इकोनॉमिक फोरम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची का स्वागत किया।
- मोदी और ताकाइची ने हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए।



### सुजुकी की सालाना 30 में से 20 लाख कार भारत में बन रही

सुजुकी दुनिया में हर साल करीब 30 लाख (3 मिलियन) कारें बनाती है। इनमें से लगभग 20 लाख (2 मिलियन) कारें अकेले भारत में बनती हैं। यानी कंपनी की हर 3 में से 2 कारें (करीब 66%) भारत में तैयार होती हैं।

**फरार : अदन की खाड़ी में आईएनएस त्रिकंड के मार्कोस कमांडों को देखते ही भाग निकले लुटेरे**

# इंडियन नेवी ने समुद्री लुटेरों का हमला किया नाकाम

- जहाज पर कुल 21 चालक दल के सदस्य थे, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल था।
- डकैती के दौरान जहाज अदन की खाड़ी में डीजिबूती से करीब 300 नॉटिकल मील पूर्व-उत्तर-पूर्व में था।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के युद्धपोत INS त्रिकंड ने बुधवार रात अदन की खाड़ी में एक व्यापारी जहाज पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश नाकाम कर दी। जहाज MV Golden Arsenal पर एक भारतीय चालक दल का सदस्य भी मौजूद था और यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कार्गो लेकर आ रहा था। नौसेना के पहुंचते ही समुद्री लुटेरे मौके से फरार हो गए। इसके बाद मार्कोस कमांडो ने जहाज पर चढ़कर उसे पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया। समुद्री लुटेरों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने संचार माध्यम के जरिए अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मिशन पर तैनात INS त्रिकंड मौके पर पहुंचा। युद्धपोत को आते देख लुटेरे भाग निकले।





### आईएनएस त्रिकंड ने दो महीने में समुद्री लुटेरों की तीसरी कोशिश नाकाम की

इससे पहले 19 जून को भी INS त्रिकंड ने पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापारी जहाज MV Fareeda 5 से मिले संकट संदेश पर तत्काल कार्रवाई की थी। भारतीय नौसेना के मुताबिक, समय पर हस्तक्षेप कर संभावित समुद्री डकैती के खतरे को टाल दिया गया और जहाज की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

भारतीय नौसेना ने तब कहा था कि क्षेत्र में एक 'प्राथमिक सुरक्षा साझेदार और प्रथम प्रतिक्रिया बल' के रूप में वह व्यापारी जहाजों की सुरक्षा, समुद्री डकैती से मुकाबला और सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले 27 मई को भी भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापारी जहाज MV Mashallah 1 के पास संदिग्ध समुद्री डकैती की कोशिश को विफल किया था। हेलीकॉप्टर और बोर्डिंग टीम की मदद से जांच कर खतरे को टाल दिया गया था।

# बद्रीनाथ-केदारनाथ के रास्ते में पत्थर गिरे, कई गाड़ियां फंसीं

### मुंबई में भारी बारिश, समुद्र में 15 फीट ऊंची लहरें उठ सकती हैं

- उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा पर आए हुए लोगों को सुरक्षित रास्ता पार कराती एसडीआरएफ की टीम।
- उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा के रास्ते में कई जगह पहाड़ दरकने से रास्ता ब्लॉक हुआ है।

तमसा संकेत, एजेंसी



भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। उत्तराखंड में मानसून के बाद भारी बारिश जारी है। गुरुवार को रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। महाराष्ट्र में भी तेज बारिश जारी है। मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में रेड अलर्ट है। मुंबई में पिछले 24 घंटे में 172mm बारिश हुई है। इधर, मध्य प्रदेश के इंदौर में बारिश में कार नाले में गिर गई। सीहोर में बारिश के तेज बहाव में बाइक भी बह गईं। बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (BMC) ने गुरुवार दोपहर समुद्र में करीब 15 फीट ऊंची लहरें उठने की चेतावनी दी है। लोगों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी गई है। तेज बारिश के बीच गुरुवार को साकीनाका इलाके में एक शख्स की खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। मानसून ने गुरुवार को 7 दिन की देरी से राजस्थान और 5 दिन की देरी से दिल्ली में एंट्री ली। दिल्ली में आज सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। राजस्थान के जयपुर-दौसा समेत 25 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

# होमगार्ड के हत्यारे को फांसी की सजा सुनाई गई

फैसला

## मुजफ्फरनगर में कोर्ट ने 6 साल बाद फैसला सुनाया, ड्यूटी के दौरान चाकू से हुआ था हमला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की निर्मम हत्या के मामले में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने यह सजा सुनाते हुए कहा कि पुलिस बल समाज की रीढ़ होता है और जब कानून का रक्षक ही निशाना बनता है तो यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास पर प्रहार होता है।

ड्यूटी के दौरान गश्त पर थे पुलिसकर्मी, अचानक हमला कर दी गई थी वारदात यह मामला 4 जून 2020 का है, जब कोतवाली नगर में तैनात कॉन्स्टेबल इस्लाम अली और होमगार्ड रतिराम बुढ़ाना मोड़ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।



### कोर्ट ने 13 गवाहों और मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए 13 गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को पूरी तरह विश्वसनीय मानते हुए आरोपी दीपक को दोषी करार दिया। अदालत ने कहा कि इस तरह की क्रूर और अमानवीय घटना समाज में भय पैदा करती है और ऐसे मामलों में सख्त सजा आवश्यक है।

### न्यायालय की सख्त टिप्पणी : "कानून के रक्षकों पर हमला अस्वीकार्य"

फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि पुलिस बल समाज की रीढ़ है और जब कानून का प्रहरी ही हमले का शिकार बनता है तो यह पूरे कानून-व्यवस्था तंत्र को झकझोर देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायालय का दायित्व है कि वह कठोर निर्णय देकर समाज में कानून के प्रति विश्वास को मजबूत करे।

**करीब छह साल बाद आए इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है।**

**परिजनों और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने अदालत के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है, जबकि क्षेत्र में इस फैसले को कानून व्यवस्था के प्रति सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।**

**हमले के दौरान आरोपी ने होमगार्ड रतिराम के पेट में छुरी घोंप दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी आंतें बाहर आ गईं।**

**घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अगले ही दिन 5 जून को उसे खून से सनी छुरी के साथ गिरफ्तार कर लिया था।**



फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी दीपक के चेहरे पर कोई शिकन नजर नहीं आई।

### होमगार्ड पर चाकू से किया था ताबड़तोड़ हमला

*हमले के दौरान आरोपी ने होमगार्ड रतिराम के पेट में छुरी घोंप दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी आंतें बाहर आ गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अगले ही दिन 5 जून को उसे खून से सनी छुरी के साथ गिरफ्तार कर लिया था।*

# सुल्तानपुर में 50 लाख के जेवरात चोरी का मामला

## 10 दिन बाद भी खुलासा नहीं, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस 10 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इससे परेशान होकर पीड़ित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। यह घटना 21 जून को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हुसैनगंज इनायतपुर गांव निवासी अनवर पुत्र मोहम्मद वकील के घर हुई थी। अज्ञात चोरों ने उनके आवास से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी चुरा लिए थे।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित अनवर ने बताया कि चोरी की इस बड़ी वारदात को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई या प्रगति रिपोर्ट सामने नहीं आई है। परिवार




लगातार थाने और संबंधित अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

स्थानीय पुलिस की सुस्ती से परेशान होकर पीड़ित अनवर अपने परिवार के साथ गुरुवार को सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी आपबीती सुनाई और मामले के जल्द खुलासे की मांग की।

पीड़ित रुकसार अहमद ने बताया, ₹हमारी 21 तारीख को चोरी हुई थी, जिसमें करीब 50 लाख के जेवरात और नकदी चले गए।

फास्ट न्यूज

### हरदोई स्टेशन पर बड़ी लापरवाही

हरदोई। हरदोई रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर शाम करीब 7 बजे विद्युत कार्य के दौरान एक रेल कर्मचारी करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आरोप है कि यह घटना बिना आवश्यक शटडाउन लिए काम कराने के कारण हुई, जिससे रेलवे के विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, हरदोई रेलवे स्टेशन की लाइन संख्या-9 स्थित खदरा फाटक पर बिजली गुल होने की शिकायत मिली थी।

### उन्नाव पुलिस आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में प्रदेश में अव्वल

उन्नाव। उन्नाव पुलिस ने उत्तर प्रदेश शासन की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जून-2026 की मासिक रैंकिंग में जनपद उन्नाव को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन का परिणाम है। आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से आम जनता द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता, समयबद्धता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाता है।

### भाजपा ने तेज किया विधानसभा चुनाव अभियान

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज कर दिया है। हिंद इंस्टीट्यूट में अवध क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने 82 विधानसभा क्षेत्रों के 377 मंडल अध्यक्षों के साथ चुनावी रणनीति पर गहन मंथन किया।

## संभल में उपनिबंधक कार्यालय रात में खुला, 192 वर्गमीटर भूमि ₹3.76 लाख में खरीदी गई

# मुस्लिम भाइयों ने 24 कोसीय परिक्रमा के लिए भूमि दी


**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल। संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को उपनिबंधक कार्यालय देर रात तक खुला रहा, जहां दो मुस्लिम भाइयों ने अपनी भूमि का पहला बैनामा किया। यह परिक्रमा मार्ग 68 तीर्थों और 19 कूपों को जोड़ते हुए 52 किलोमीटर लंबा होगा। तहसील संभल के थाना नखासा क्षेत्र स्थित गांव रसीदपुर में 192 वर्गमीटर भूमि का बैनामा किया गया। गांव सलारपुर कलां निवासी यूसुफ और यूनुस पुत्र नजबुद्दीन ने संभल कोतवाली कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित उपनिबंधक कार्यालय में यह प्रक्रिया पूरी की।

**ग्रामीण यूनुस ने बताया कि उन्होंने और उनके भाई ने अपनी खुशी से 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के लिए 192 वर्गमीटर जमीन का बैनामा किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने 50 लाख रुपये का लोन लेकर 5 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से जमीन खरीदी थी और उन्हें बैनामे की राशि मिल गई है।**



यह भूमि भगवान श्री कल्कि नगरी की 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता (एई) विवेक बंसल ने पुष्टि की कि यह 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के लिए पहला बैनामा है। रसीदपुर गांव में 192 वर्गमीटर क्षेत्र के लिए 3,76,320 रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि मार्ग के लिए बैनामे



आज से शुरू हो गए हैं और युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन बैनामे कराए जाएंगे। विभाग को एक महीने के भीतर 1000 गाटा संख्या के बैनामे पूरे करने हैं।

लेखपाल ओमकार गोंड ने जानकारी दी कि पहले दिन 10 लोगों से बैनामा कराने की योजना थी, लेकिन केवल दो लोगों से ही बैनामा कराया जा सका। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी और भूमि खरीद की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# भारतीय कश्यप सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरफ्तार

## युवक से रंगदारी मांगी थी, पुलिस से शिकायत करने पर पकड़ा गया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़। अलीगढ़ पुलिस ने जमीन पर अवैध कब्जा कराने और रंगदारी वसूलने के मामले में भारतीय कश्यप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह खालसा समेत 10 आरोपियों को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का आरोप है कि गिरोह जमीनों पर कब्जा दिलाने और कब्जा छोड़ने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। मामला महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भरतुआ का है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने करीब पौने दो बीघा जमीन खरीदी थी, जिसका दाखिल-खारिज भी हो



चुका है। इसके बावजूद कश्यप सेना के अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष अजय कांत जाटव और उसके साथियों ने जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया। आरोप है कि कब्जा दिलाने या छोड़ने के बदले गिरोह मोटी रकम की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई की भनक लगने पर प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंच गया और प्रदर्शन किया। इससे पहले 19 जून को भी वह एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचा था। उस समय उसने एसएसपी के पीआरओ पर ज्ञापन फाड़ने का आरोप लगाया था। डीआईजी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान प्रताप सिंह ने पुलिस पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि सड़क से गुंडों को उठाकर पुलिस की वर्दी पहना दी गई है। उसने पुलिसकर्मियों को वर्दी उतारकर जनता के बीच आने की चुनौती भी दी। महुआखेड़ा, क्वार्सी, सिविल लाइंस और महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर फुंका

## 20 गांवों में 60 घंटे से बिजली गुल, जनजीवन प्रभावित

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। जनपद के ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन पर लगे 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के कारण करीब 20 गांवों की बिजली आपूर्ति पिछले 60 घंटे से बाधित है। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली न मिलने से हजारों ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पेयजल संकट गहराने के साथ ही मोबाइल चार्जिंग, इन्वर्टर और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने से लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। बिजली संकट को दूर करने के लिए विद्युत विभाग ने मंगलवार देर रात ऐस भदियार सब स्टेशन से वैकल्पिक आपूर्ति देने का प्रयास किया। हालांकि दूसरे सब स्टेशन पर पहले से अधिक लोड होने के कारण यह व्यवस्था सफल नहीं हो सकी।



अतिरिक्त भार के चलते बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई और प्रभावित गांवों के लोगों को राहत नहीं मिल सकी। लगातार बिजली न मिलने का सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। बिजली से चलने वाले पानी के पंप बंद होने के कारण कई गांवों में पानी की किल्लत हो गई है। वहीं इन्वर्टर डिस्चार्ज हो जाने से लोगों के घरों में अंधेरा छा गया है। मोबाइल फोन चार्ज न होने से संचार व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। घरेलू कामकाज, छोटे कारोबार और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर विभाग समय रहते प्रभावी कदम उठाता तो इतनी लंबी अवधि तक बिजली संकट नहीं झेलना पड़ता। लोगों का आरोप है कि धीमी कार्यप्रणाली और समुचित वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण समस्या लगातार बढ़ती गई। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना बेहद कठिन हो गया है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन पर स्थापित 5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था। ट्रांसफार्मर खराब होते ही ट्रांसगंगा सिटी, शंकरपुर, सन्नी, गरेरेपुरवा, पिपरी, गंगा बैराज, बनी, मुस्तफापुर, भवानी खेड़ा समेत लगभग 20 गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।**

### नया ट्रांसफार्मर लगाया, लेकिन तकनीकी परीक्षण बना देरी की वजह

विभाग ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए बुधवार सुबह नया 5 एमवीए ट्रांसफार्मर मंगवाकर ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन पर स्थापित कर दिया। ट्रांसफार्मर लगाने के बाद उसकी तकनीकी जांच और परीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों की जांच पूरी होने के बाद ही विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी तरह की तकनीकी समस्या न आए।

### बुधवार रात तक बहाली का दावा, गुरुवार सुबह भी नहीं लौटी बिजली

विद्युत विभाग ने बुधवार रात तक बिजली आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई थी। लेकिन गुरुवार सुबह तक भी प्रभावित गांवों में बिजली नहीं पहुंच सकी। खबर लिखे जाने तक करीब 60 घंटे से अधिक समय बीत चुका था, लेकिन लोग अब भी बिजली का इंतजार कर रहे थे। इससे ग्रामीणों में विभाग की कार्यशैली को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

# मोहर्रम-कांवड़ यात्रा पर धारा 163 लागू

## बिना अनुमति धरना, जुलूस पर रोक लगाई गई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में आगामी मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को देखते हुए डीएम घनश्याम मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश जिले में शांति, कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और जुलूसों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत, बिना सक्षम अनुमति के कोई भी जुलूस, प्रदर्शन, सभा या



धरना आयोजित नहीं किया जा सकेगा। सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, लाठी, डंडा, तलवार या अन्य घातक वस्तुएं लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात पुलिस, सुरक्षा बल और अधिकृत अधिकारियों को इससे छूट दी गई है। आदेश में भड़काऊ भाषण, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले बयान, आपत्तिजनक पोस्टर, बैनर अथवा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**घटना :** हरदोई में सांडी से लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, मौके पर दम तोड़ा

# एसबीआई क्लर्क धर्मेंद्र वर्मा की सड़क हादसे में मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**


हरदोई। हरदोई जिले के सांडी थाना क्षेत्र में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की सांडी शाखा में कार्यरत क्लर्क धर्मेंद्र कुमार वर्मा की मौत हो गई। वह बैंक की ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक से हरदोई स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सांडी पक्षी विहार के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने धर्मेंद्र कुमार वर्मा को गंभीर हालत में हरदोई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत



घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया गया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। धर्मेंद्र कुमार वर्मा का विवाह वर्ष 2018 में हुआ था। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस दुर्घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम का माहौल है। बैंक के सहकर्मियों और क्षेत्र के लोगों ने भी उनकी असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलने पर सांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के जिम्मेदार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर तोड़ा दम

जानकारी के अनुसार, बुधवार-गुरुवार (1-2 जुलाई) की रात करीब 12 बजे धर्मेंद्र कुमार वर्मा अपनी नियमित ड्यूटी पूरी कर सांडी से हरदोई की ओर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह सांडी पक्षी विहार के निकट पहुंचे, पीछे से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।



### पहले बड़े भाई की भी सड़क हादसे में हो चुकी है मौत

परिजनों ने बताया कि यह परिवार पहले भी सड़क दुर्घटना की त्रासदी झेल चुका है। कुछ वर्ष पहले धर्मेंद्र कुमार वर्मा के बड़े भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। अब एक और बेटे को खोने से परिवार पूरी तरह टूट गया है। लगातार दूसरी सड़क दुर्घटना ने परिवार के दुख को और गहरा कर दिया है।

# शुक्लागंज पुल निर्माण : मलबा हटाने को 2 दिन की मोहलत

## मिश्रा कॉलोनी में मकान गिराने की कार्रवाई दो दिन के लिए रुकी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के शुक्लागंज स्थित मिश्रा कॉलोनी में नए पुल निर्माण के लिए मकानों को गिराने की कार्रवाई गुरुवार को रोक दी गई। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को अपने ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने के लिए दो दिन का समय दिया है। गुरुवार को क्षेत्र में किसी भी मकान को नहीं गिराया गया, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली।

गंगा नदी पर प्रस्तावित नए पुल के निर्माण के लिए मिश्रा कॉलोनी के कुल 38 मकान अधिग्रहित किए गए हैं। पिछले दिनों प्रशासन ने जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से कई मकानों को ध्वस्त किया था। ध्वस्तीकरण के बाद बड़ी मात्रा में मलबा सड़क और आसपास के क्षेत्र में जमा हो गया था। प्रभावित परिवारों



ने इस मलबे को हटाने के लिए प्रशासन से समय की मांग की थी, जिसके बाद यह मोहलत दी गई। प्रशासन ने लोगों की मांग पर दो दिन की मोहलत देते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावित परिवार अपने मकानों का शेष सामान और मलबा निर्धारित समय के भीतर हटा लें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद पुल निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई दोबारा शुरू की जाएगी और इसमें कोई देरी स्वीकार नहीं होगी। गुरुवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर स्थिति पर नजर बनाए रहे। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं होने के कारण क्षेत्र में किसी तरह का तनाव देखने को नहीं मिला। प्रभावित परिवार अपने घरों से उपयोगी सामान निकालने और मलबा हटाने में व्यस्त रहे। अधिकारियों के अनुसार, नया पुल बनने से शुक्लागंज और कानपुर के बीच यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान पुल पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुल बनने के बाद आवागमन सुगम होगा और जाम की समस्या में भी कमी आएगी। प्रशासन ने प्रभावित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह विकास कार्य जनहित में किया जा रहा है। निर्धारित समय सीमा के भीतर मलबा हटाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# सम्पादकीय

## बेलगाम होता भ्रष्टाचार




सीबीआई की ओर से तीन करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत की गिरफ्तारी प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर फिर से ध्यान आकर्षित कर रही है। दीपक गहलावत को जिस मामले में गिरफ्तार किया गया, वह नकली दवा बनाने वाले रैकेट की जांच से जुड़ा है। इस रिश्वतखोरी कांड के समय गहलावत नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में क्षेत्रीय निदेशक के पद पर तैनात थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने तीन करोड़ रुपये की रिश्वत के बदले अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए नकली दवा बनाने के आरोपित कारोबारी को सीबीआई जांच से बचाने का भरोसा दिया।

उन्होंने जांच एजेंसी के अधिकारियों पर इसके लिए दबाव भी बनाया। कहना कठिन है कि इस मामले की तह तक पहुंचने और दीपक गहलावत को उनके किए की सजा दिलाने में कितना वक्त लगेगा, लेकिन यह एक तरह से बाड़ खेत को खाए वाला एक और मामला है। यह लगातार देखने में आ रहा है कि रह-रह कर ऐसे अधिकारी सामने आते ही रहते हैं, जो गंभीर किस्म के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं। उनकी गिरफ्तारी भी होती है और उनके पास से अकूल संपत्ति भी बरामद होती है, लेकिन यह बहुत कम सुनने को मिलता है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया गया। भ्रष्ट अधिकारियों को समय रहते दंड न दिए जाने का परिणाम यह है कि उनका भ्रष्टाचार बेलगाम है। कुछ मामले तो ऐसे सामने आते हैं, जो खुले-नग्न भ्रष्टाचार की कहानी कहते हैं। इन दिनों ऐसा ही एक मामला दिल्ली में सरकारी अस्पतालों के लिए दवाएं और मेडिकल उपकरणों की खरीद में घोटाले का है। यह घोटाला 650 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। वास्तव में यह घोटाला नहीं एक तरह की खुली लूट थी। इसे इससे समझा जा सकता है कि बिना जरूरत कई गुना महंगे दामों पर दवाएं और मेडिकल उपकरण खरीदे गए। ऐसा लगता है कि किसी को नियम-कानूनों की कहीं कोई परवाह नहीं थी। इस मामले में स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक डा. वत्सला अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले में किस तरह करोड़ों के वारे-न्यारे किए जा रहे थे, यह इससे समझा जा सकता है कि 650 करोड़ रुपये में से करीब 50 प्रतिशत भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों की जेब में गए। नौकरशाही का भ्रष्टाचार एक नासूर बन गया है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम दावों के बाद भी नौकरशाहों के भ्रष्टाचार पर कहीं कोई प्रभावी लगाम लगती नहीं दिखती। भ्रष्ट नौकरशाही केवल सरकारी खजाने को लूटने का काम ही नहीं कर रही है, वह आम लोगों की समस्याएं बढ़ाने का भी काम कर रही है, क्योंकि जब भी कहीं भ्रष्टाचार होता है तो उससे कहीं न कहीं सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता भी होता है।

## प्लास्टिक बैग से जकड़ी जीवन-शैली से पर्यावरण तबाह



> आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक बैग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सब्जी और किराने की खरीदारी से लेकर कपड़े, दवाइयाँ, भोजन, ऑनलाइन डिलीवरी, उपहार पैकिंग और घरेलू सामान तक लगभग हर कार्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग हो रहा है।



पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्लास्टिक अब केवल धरती पर बिखरा कचरा नहीं रहा, बल्कि हमारे शरीर का भी हिस्सा बन चुका है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हवा, पानी, भोजन, नमक, दूध, शहद और यहाँ तक कि मानव रक्त, फेफड़ों तथा गर्भनाल में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए जा चुके हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रतिवर्ष हजारों सूक्ष्म प्लास्टिक कण भोजन, पेयजल और साँस के माध्यम से अपने शरीर में पहुँचा रहा है। यह स्थिति कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग, प्रजनन संबंधी समस्याओं और प्रतिरक्षा तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दे रही है। सुविधा और सस्तेपन के कारण इनका प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हमारा जीवन मानो प्लास्टिक की गिरफ्त में आ गया है। एक बार उपयोग के बाद फेंके जाने वाले ये बैग पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसलिए समय की मांग है कि हम कपड़े, जूट या कागज़ के थैलों को अपनाकर प्लास्टिक बैग से मुक्ति का संकल्प लें। प्लास्टिक केवल मनुष्य के स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पर्यावरण का भी शत्रु है। यह मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, नालियों को जाम कर शहरी बाढ़ का कारण बनता है तथा पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। गायों के पेट से कई-कई किलो प्लास्टिक निकलने की घटनाएँ अब सामान्य हो गई हैं। समुद्री कछुए, डॉल्फिन, व्हेल और पक्षी प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं और धीरे-धीरे मृत्यु का शिकार बन जाते हैं। इस प्रकार प्लास्टिक केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के पूरे जैविक तंत्र को नष्ट कर रहा है। विडम्बना यह है कि प्लास्टिक का सबसे बड़ा आकर्षण उसकी सुविधा है और यही सुविधा सबसे बड़ा संकट बन गई है। कुछ मिनटों के उपयोग के लिए बना प्लास्टिक बैग सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता। जिस वस्तु का उपयोग हम कुछ मिनट करते हैं, उसका दुष्प्रभाव कई पीढ़ियाँ भुगतती हैं। सुविधा की यह संस्कृति वास्तव में विनाश की संस्कृति बनती जा रही है। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। देश में प्रतिदिन हजारों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा भाग खुले में पड़ा रहता है या नदियों एवं समुद्र तक पहुँच जाता है। विभिन्न राज्यों ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, किन्तु प्रतिबंध का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब समाज स्वयं इसके प्रति जागरूक होगा। केवल कानून से आदतें नहीं बदलतीं, उसके लिए सामाजिक चेतना आवश्यक होती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस दिशा में अनेक सकारात्मक पहल की हैं। स्वच्छ भारत अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व जैसी नीतियाँ महत्त्वपूर्ण कदम हैं। किंतु इनकी सफलता तभी संभव है जब उद्योग, व्यापार, स्थानीय निकाय और आम नागरिक समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

आज आवश्यकता केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने की है। जब तक हमारी खरीदारी की आदतें नहीं बदलेंगी, तब तक प्लास्टिक का उपयोग कम नहीं होगा। कपड़े या जूट का थैला साथ रखना, पुनः उपयोग योग्य बोतलों और डिब्बों का प्रयोग करना, अनावश्यक पैकेजिंग से बचना तथा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना-ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। उद्योगों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उत्पादों की पैकेजिंग को पर्यावरण-अनुकूल बनाना, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग करना और प्लास्टिक कचरे के संग्रह एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करना समय की माँग है। केवल लाभ कमाने की मानसिकता से प्रकृति का संरक्षण संभव नहीं है। उद्योगों को 'ग्रीन बिजनेस' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यदि विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरणीय जीवनशैली को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाए, बच्चों को कपड़े के थैले उपयोग करने, प्लास्टिक-मुक्त परिसर बनाने और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों से जोड़ा जाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ अधिक संवेदनशील बनेंगी। पर्यावरण शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार बननी चाहिए। आज पूरी दुनिया 'सर्कुलर इकोनॉमी' की ओर बढ़ रही है, जहाँ उत्पादों का पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधनों का न्यूनतम दोहन प्रमुख लक्ष्य है। भारत के लिए भी यही भविष्य का मार्ग है। यदि हम पारंपरिक भारतीय जीवन-पद्धति को देखें तो वहाँ कपड़े के झोले, मिट्टी के बर्तन, धातु के पात्र और प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग सामान्य जीवन का हिस्सा थे।

**- ललित गर्ग**

### केंद्रीय कृषि राज्य ...

अशोक त्रिपाठी

## मंत्री जी किसान हक से लिया अनुदान



यह मामला उन्हीं दिनों का है जब अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की करोड़ों की रकम और जेवर डकारने की जांच चल रही थी, उसी दौरान राजस्थान के रहने वाले एक केन्द्रीय राज्यमंत्री पर अनियमित रूप से भारी भरकम सब्सिडी लेने का आरोप लगा। मंत्री जी भी बहुत धाकड़ हैं और सीना तानकर कहने लगे कि मैं केन्द्रीय कृषि मंत्री हूं, इससे क्या होता है। मैं किसान हूँ और खेती के लिए सरकार किसानों को अनुदान देती है सो मैंने भी हक से अनुदान लिया है। अब केन्द्र सरकार के मंत्री हैं और उसी विभाग के मंत्री हैं जो किसानों को अनुदान देता है, तो कोई क्या कह सकता है। यह बात दीगर है कि आमतौर पर कई महीने तक किसानों को सब्सिडी नहीं मिल पाती लेकिन केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी को खीरे की खेती के लिए सिर्फ 14 दिनों के भीतर ही 99 लाख रुपये की सब्सिडी मिल गयी।

ऐसा ही राजस्थान का एक अन्य मामला अजब-गजब का सुनने को मिला है। लोग बाग अंतिम संस्कार के भोज में यथाशक्ति और यथा श्रद्धा प्रसाद तैयार कराते हैं लेकिन सिरोही में घी के मालपुआ नहीं परोसने पर प्रसाद ग्रहण करने वाले नाराज हो गये। मामला बिरादरी का है और 43 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया है। पीड़ितों का हाल यह है कि सामाजिक बहिष्कार के चलते उन्हें न तो राशन मिल रहा है और न कुएं से पानी भरने दिया जा रहा है। अंतिम संस्कार के भोज को भी बेटे के विवाह की दावत बना दिया गया है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को उनके खीरे की खेती के लिए एक स्कीम के तहत 99 लाख रुपये की सब्सिडी मिली है। सब्सिडी लेने का बचाव करते हुए मंत्री ने कहा, मैं एक किसान हूं और बचपन से ही खेती-बाड़ी से जुड़ा रहा हूं। मैंने कुछ भी नहीं छिपाया है। हजारों किसान पॉलीहाउस लगाते हैं और सब्सिडी का फायदा उठाते हैं। इसलिए मैंने भी ऐसा ही किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि सब्सिडी के लिए मैंने 2018 में अप्लाई किया था। मैंने वहां एक बोर्ड लगाया है और लिए गए सभी लोन और सब्सिडी की जानकारी दी है। मैं वहां किसानों को नई तकनीकों और प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग भी देता हूं। सभी स्थानीय अधिकारियों ने उस जगह का दौरा किया है। मैंने किसी से कुछ भी नहीं छिपाया है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एक बड़े विवाद में घिर गए हैं। उन पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने ही मंत्रालय से खीरे की खेती के लिए 99 लाख रुपये की भारी-भरकम सब्सिडी प्राप्त करने के गंभीर आरोप लगे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरी प्रक्रिया बेहद असामान्य गति से पूरी की गई। भागीरथ चौधरी ने मंत्री पद संभालने के कुछ ही महीनों बाद अप्रैल 2025 में इस सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, जिसे महज 14 दिनों के भीतर मंजूरी दे दी गई।

वहीं, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उद्यानिकी सब्सिडी पर स्पष्टीकरण देते हुए इसे सरकारी नियमों के अनुरूप बताया। किसान होने के नाते पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही उन्हें योजना का लाभ मिला है। चौधरी ने स्पष्ट किया कि सब्सिडी स्वीकृति में उनका कोई व्यक्तिगत हस्तक्षेप नहीं होता, यह विभागीय मानकों पर आधारित है। बता दें मंत्री को अपने ही मंत्रालय की एक योजना के तहत सब्सिडी मिली है। इस योजना को उस बोर्ड ने मंजूरी दी थी जिसके वे पदेन उपाध्यक्ष हैं। चुनिंदा सब्जियों और फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने वाली यह योजना मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के तहत आती है। इसे 2014-15 में शुरू किया गया था और इसका संचालन नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड (एनएचबी) करता है, जो चौधरी के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक स्वायत्त संस्था है।

एनएचबी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इसके कामकाज का प्रबंधन एक निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) करता है, जिसके प्रमुख केंद्रीय कृषि मंत्री (पदेन अध्यक्ष के तौर पर) होते हैं और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री (पदेन उपाध्यक्ष के तौर पर) होते हैं।

यह स्कीम शिमला मिर्च, खीरा, टमाटर और गुलाब, एंथुरियम व ऑर्किड सहित आठ तरह के फूलों की खेती के लिए प्रोजेक्ट लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत सब्सिडी देती है, जिसकी सीमा प्रति परिवार 1 करोड़ रुपये है। 16,592 वर्ग मीटर में खीरे की खेती के लिए चौधरी का प्रोजेक्ट उन 467 प्रोजेक्ट्स में से एक है जिन्हें एनएचबी ने बागवानी फसलों के उत्पादन और कटाई के बाद प्रबंधन के माध्यम से व्यावसायिक बागवानी का विकास नामक योजना के तहत मंजूरी दी थी।

उधर, राजस्थान के सिरोही जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है।

## पाकिस्तान में 125 साल पुराना गुरुद्वारा गिराया गया



पाकिस्तान स्थित पंजाब प्रांत में 125 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को एक लोकल बिजनेसमैन ने गिरा दिया है। इस घटना के बाद वहां रहने वाले सिख समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत ने भी फारूकाबाद में स्थित इस गुरुद्वारे को गिराए जाने की कड़ी निंदा की। भारत ने इसे सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल पर किया गया बेहद शर्मनाक और जानबूझकर किया गया तोड़फोड़ का काम बताया। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार 24 जून की रात इस गुरुद्वारे को प्रशासन से जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी लिए बिना ही गिरा दिया गया। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में इस्लामाबाद से कहा कि वह इस मामले की जांच कराए और गुरुद्वारे के टूटे हुए हिस्सों को दोबारा बनवाए। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने यहां रहने वाले धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करे। रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें पाकिस्तान के फारूकाबाद में स्थित 125 साल पुराने पवित्र गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को गिराए जाने की बेहद दुखद खबरें मिली हैं। हम इस पवित्र सिख धार्मिक स्थल पर जानबूझकर किए गए तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। गुरुद्वारे को गिरा दिया गया और यह भी खबर है कि स्थानीय प्रशासन या इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यह बहुत गंभीर चिंता का विषय है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक सरकारी अधिकारी के अनुसार, लाहौर से लगभग 70 किलोमीटर दूर फारूकाबाद में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह सभा को एक लोकल बिजनेसमैन ने गिरा दिया। अधिकारी ने कहा, कारोबारी ने संबंधित विभाग से जरूरी एनओसी लिये बिना ही गुरुद्वारा गिरा दिया। जब तक इलाके के सिखों ने विरोध नहीं किया, तब तक विभाग ने इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इलाके में सिख समुदाय के विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने इस मामले का संज्ञान लिया। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने फारूकाबाद के गुरुद्वारा सिंह सभा का दौरा किया और उसके तुरंत पुनर्निर्माण का ऐलान किया। मंत्री ने औकाफ विभाग को निर्देश दिया कि जिस जमीन पर गुरुद्वारा सिंह सभा बना था, उसकी मालिकाना स्थिति और कानूनी रिकॉर्ड की तुरंत जांच की जाए।

## आलोचना से अपनेपन की ओर

जीवन एक शांत तालाब की तरह है इसमें ईर्ष्या-आवेश-आलोचना-पक्षपात-संदेह के पत्थर रोज़ गिराएंगे तो धुंधले पानी की तरह जीवन भी धुंधला हो जाएगा । अतः हम इसमें प्रेम-प्यार-विश्वास-सामंजस्य-सहिष्णुता आदि का मूलमंत्र अपना जीवन को सफल बनाएं । ताकी जीवन में सरलता-सहजता-सज्जनता-समता-समानता-सजीवता-सतर्कता-समर्थता-समीपता-सभ्यता-सम्पूर्णता आदि -आदि की चमक रहे। इन्सान की मर्यादा स्वभाव, व्यवहार एवं आचरण पर निर्भर करती है ।इन्सान का स्वभाव भाषा, शब्दों एवं वाणी द्वारा समझा जाता है, सरल भाषा,कर्ण प्रिय शब्द तथा मधुर वाणी इन्सान के स्वभाव की मर्यादा है, जिसे लांघने से इन्सान कटु स्वभाविक समझा जाता है । दूसरों का सम्मान करने वाला समाज में व्यवहारिक माना जाता है । अधिक बहस करना,आलोचनाएं या चापलूसी करना,प्रताड़ित करना,बकवास करना अथवा बात–बात पर टोकना आदि - आदि व्यवहार की मर्यादा भंग करना है जो समाज में इन्सान को अव्यवहारिक प्रमाणित करती है। घटना प्रसंग एक महात्माजी ने एक बड़ा सा सफेद पेपर लिया और उसे दीवाल पर चिपका दिया फिर उस पर एक छोटा सा काला बिन्दु मार्कर से कर दिया । उन्होंने सबसे पूछा बताओ तुम्हें दीवार पर क्या दीख रहा है? सब एक स्वर में बोले काला बिन्दु । महात्मा जी यह सुन बोले कि बड़ा कमाल है तुम में से किसी को भी इतना बड़ा सफेद कागज नज़र नहीं आया, पर उस पर लगा एक छोटा सा काला दाग दिमाग में घर कर गया ? यही तो रीत दुनिया की है । किसी व्यक्ति की उम्र भर की अच्छाई की इसकी कम ही लोग चर्चा करते हैं ।

**› प्रदीप छाजेड़**

# जरा हटके

### उधर, पंजाब के ...

अशोक त्रिपाठी–हिफी फीचर

## भगवंत मान का धरम-करम



अगले वर्ष पंजाब विधानसभा चुनाव होंगे। इस बार राज्य के राजनीतिक समीकरण बदले हुए दिखाई पड़ते हैं। अब तक वहां कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी में ही मुकाबला होता था लेकिन भाजपा उसे चतुष्कोणीय बनाने की पुख्ता तैयारी कर रही है। उसने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सांसदों को तोड़ लिया है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत कई नेता भी भगवा झंडे के नीचे आ चुके हैं इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने धरम और करम दोनों का सहारा लेने की रणनीति बनाई है। जुलाई की पहली तारीख को ही राज्य की महिलाओं के खाते मंे मायां धीयां सत्कार योजना के तहत सीधे तीन हजार रुपये सामान्य वर्ग की महिलाओं को और अनुसूचित जाति की महिलाओं को 4500 रुपये भेजे हैं। पंजाब सरकार ने इस योजना को अप्रैल 2026 मंे लागू किया था। इसलिए तीन महीने की धनराशि एक साथ भेजी गयी है। यह तो धरम और करम का मिश्रण है। इसके साथ ही भगवंत मान की सरकार ने 29 जून को ऐलान किया था कि इस साल के अंत तक राज्य मंे 7 हजार किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसका मकसद हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाना है। इससे पहले ही 14 हजार किलोमीटर पाइप लाइन और जलमार्ग तैयार हैं। उधर, पंजाब के सभी विधायक और सिख कैबिनेट मंत्री अमृतसर स्थित अकाल तख्त के सामने पेश हुए। इन सभी ने बचन दिया है कि गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी नहीं होने दी जाएगी। अब देखना है कि भगवंत मान का धरम-करम 2027 के विधानसभा चुनाव मंे कितना काम आता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 29 जून को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस साल के अंत तक राज्य में 7,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, ताकि पंजाब के हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पिछले चार वर्षों में पहले ही 14,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन और जलमार्ग तैयार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मोगा जिले में आयोजित एक लोक मिलनी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि इन पाइपलाइनों के माध्यम से पंजाब के लगभग 80 प्रतिशत खेतों तक 21,000 क्यूसेक नहर का पानी पहले से ही पहुंच रहा है। इसके अलावा, सरकार नहरों और नदियों के किनारे वाटर रीचार्ज पॉइंट बना रही है, जिससे कई इलाकों में भूजल स्तर दो से चार मीटर तक सुधरा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार की कई बड़ी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है। इसके अलावा, बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के 68,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। वहीं, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए 3,100 खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया है।

## अमेरिका में जन्में बच्चों को मिलेगी नागरिकता

अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश को असंवैधानिक ठहरा दिया, जिसमें अवैध या अस्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों के यहां जन्म लेने वाले बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने से इनकार किया गया था। अदालत ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन और लंबे समय से चली आ रही न्यायिक परंपरा के अनुसार अमेरिका की धरती पर जन्म लेने वाला लगभग प्रत्येक व्यक्ति अमेरिकी नागरिक है। इस निर्णय को अमेरिकी संविधान की मूल भावना, समानता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश जारी किया था। इस आदेश का उद्देश्य उन बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता से वंचित करना था जिनके माता-पिता या तो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे या फिर अस्थायी वीजा, जैसे छात्र वीजा अथवा अन्य अस्थायी दर्जे पर अमेरिका में मौजूद थे। यह आदेश ट्रंप प्रशासन की व्यापक आव्रजन (इमिग्रेशन) नीति का हिस्सा था, जिसके तहत अवैध प्रवास पर सख्ती और नागरिकता संबंधी नियमों को कठोर बनाने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि ट्रंप के इस आदेश को लागू होने से पहले ही कई निचली अदालतों ने रोक दिया था। अंततः मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां न्यायाधीशों ने संविधान की व्याख्या और पूर्व न्यायिक फैसलों के आधार पर इसे खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि 14वें संशोधन की भाषा और उसके ऐतिहासिक उद्देश्य में जन्मस्थान के आधार पर नागरिकता का सिद्धांत स्पष्ट रूप से निहित है। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन वर्ष 1868 में गृहयुद्ध के बाद लागू किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य दास प्रथा की समाप्ति के बाद अश्वेत समुदाय और पूर्व गुलामों को पूर्ण नागरिक अधिकार प्रदान करना था। संशोधन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने या प्राकृतिक रूप से नागरिकता प्राप्त करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, जो उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन है, अमेरिका और जिस राज्य में वह निवास करता है, उसका नागरिक होगा। समय के साथ इस प्रावधान की व्याख्या व्यापक रूप से की गई और इसे सभी अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों पर लागू माना गया, कुछ सीमित अपवादों जैसे विदेशी राजनयिकों के बच्चों या विदेशी सैन्य कब्जे के दौरान जन्मे बच्चों को छोड़कर। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1898 के ऐतिहासिक वोंग किम आर्क मामले का भी उल्लेख किया।

**वीपी राहुल**

# मां ने पीसीएस अफसर बेटी पर एफआईआर कराई

## कहा- काली कमाई के 15 लाख मेरे खाते में डाले, उसके भूमाफिया से कनेक्शन

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में महिला PCS अफसर के खिलाफ उनकी मां ने FIR कराई है। 30 जून शाम 5 बजे मां मुनेश रानी की तहरीर पर सरसावा थाने में बेटी समेत 5 के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एलाइड PCS अफसर सीमा चौधरी (34) फिलहाल हापुड़ में जिला पूर्ति अधिकारी (DSO) के पद पर तैनात हैं। DSO की मां का आरोप है कि बेटी सीमा, देवर संजीव कुमार चौधरी, देवरानी के पिता राजेंद्र राणा, गंभीर और नरेश कुमार ने मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा करने की साजिश रची। बेटी ने अपनी 'काली कमाई' छिपाने के लिए बिना अनुमति मेरा बैंक अकाउंट खुलवाया। खाते में 15 लाख रुपए


सीमा चौधरी, DSO

**डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया- मेरे पास एप्लीकेशन आई थी, इसके बाद मैंने उसे एसएसपी को फारवर्ड किया था। जांच के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है।**

डलवाए। पता चलने पर विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जब DSO से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। उनकी मां भी अपने घर पर नहीं मिलीं। मामला सरसावा थाने के मीरपुर-सीतापुर गांव का है। सहारनपुर में थाना सरसावा के गांव मीरपुर-सीतापुर की रहने वाली मुनेश रानी पत्नि महीपाल ने तहरीर में बताया- सीमा चौधरी मेरी बेटी है। इस समय हापुड़ में जिलापूर्ति अधिकारी के पद तैनात है। बेटी सीमा और देवर संजीव की मिलीभगत कर मेरे खिलाफ साजिश रची।दोनों मिलकर भू-माफिया गिरोह चला रहे हैं। मेरी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया- संजीव और उसके ससुर राजेंद्र ने मेरे खाते में 15 लाख रुपए बिना बताए जमा किए। गाजियाबाद में मेरा खाता ICICI बैंक में सीमा चौधरी ने खुलवाया था। इसमें अपनी ईमेल आईडी रजिस्टर्ड करवाई। वह अपनी काली कमाई मेरे बैंक खाते में जमा करती है। मैं अपने खाते में न तो पैसे जमा करती हूं, न ही निकालती हूं। उन्होंने बताया- 16 सितंबर 2023 को सीमा ने संजीव, राजेंद्र, गंभीर और नरेश के साथ साजिश कर मेरी पैतृक जमीन के फर्जी पेपर तैयार करवाए। उस पर मेरे फर्जी हस्ताक्षर किए।

### डीएसओ के परिवार में कौन-कौन?

सीमा चौधरी 5 भाई बहन हैं। बड़ी बेटी सोनिया की शादी हो चुकी है। दूसरे नंबर पर सीमा, तीसरे नंबर पर शालू हैं। शालू की भी शादी हो चुकी है। छोटी बहन पूजा है, जो दिल्ली में मां मुनेश के साथ रहती है। छोटा भाई अनिकेत इंग्लैंड में पढ़ाई कर रहा है।

**मुनेश रानी ने बताया- पता चलते ही मैं थाना सरसावा पहुंची, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। एसएसपी, सहारनपुर को चिट्ठी लिखी, फिर भी कुछ नहीं हुआ। इस दौरान पांचों मुझे डराते-धमकाते रहे। जान से मारने की धमकी देते रहे। मजबूर होकर अपनी संपत्ति देहरादून की नैंसी जोशी पत्नि अनुपम जोशी को बेच दी।**

### देवर बोले- जमीन बेचने का विरोध किया, इसलिए फंसा रहीं

मुनेश के देवर संजीव गाजियाबाद में कारोबारी हैं। उन्होंने बताया- पूरी लड़ाई 10 बीघा जमीन को लेकर है। मैंने भाभी मुनेश के सभी बच्चों को पढ़ाया। शादी करवाई। अनिकेत को इंग्लैंड भेजा। तब मुनेश ने 15 लाख रुपए मांगे थे। मैंने 10 लाख रुपए अपने ससुर राजेंद्र राणा से लिए और 5 लाख अपनी तरफ से मिलाकर उन्हें दिए। फिर उन्होंने जमीन किसी फौजी को बेच दी। जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने केस दर्ज कराया है।

### राशन आवंटन में अनियमितता का आरोप लग चुका

सीमा चौधरी पहले भी विवादों में रह चुकी हैं। 2020 से 2022 के बीच गाजियाबाद में जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) के रूप में तैनाती के दौरान स्थानीय राशन डीलरों ने उन पर राशन आवंटन में अनियमितता और तानाशाही रवैये के आरोप लगाए थे। स्थानीय स्तर पर शिकायतें भी दर्ज कराई गई थीं।


डीएसओ की मां का कहना है कि मेरी बेटी ने मुझे जान से मारने की धमकी भी दी।


सीमा चौधरी पर डीआईजी के आदेश पर केस दर्ज हुआ है।

**फास्ट न्यूज**

### हाथरस में उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

हाथरस। हाथरस में खरीफ सीजन के लिए धान और अन्य फसलों की बुआई शुरू हो चुकी है। किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने और बिक्री पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी हाथरस द्वारा एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है। निरीक्षण के दौरान, मयंक फर्टिलाइजर कछपुरा, मां चंद्रावली सादाबाद, राजीव ट्रेडर्स सादाबाद, भूमिधर ट्रेडर्स सासनी और विनय फर्टिलाइ-जर दरियापुर को नोटिस जारी किए गए है।

### स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण की कोशिश

कौशांबी। कौशांबी के पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में गुरुवार सुबह स्कूल जा रही एक तीसरी कक्षा की छात्रा के अपहरण का प्रयास किया गया। अज्ञात बाइक सवार युवकों ने छात्रा को जबरन अपनी बाइक पर बैठाने की कोशिश की, लेकिन उसके शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद छात्रा के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा ने बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय जा रही थी, तभी लाल रंग की बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने उसे रोका। उन्होंने छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास किया।

### सहारनपुर में पति ने तीन तलाक दिया


सहारनपुर। सहारनपुर में एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार दोपहर 12 बजे महिला ने एसएसपी से शिकायत कर बताया कि उसके साथ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, तीन तलाक, हलाला का दबाव और अप्राकृतिक संबंध बनाए गए। बिहारीगढ़ थाना की रहने वाली नेहा की मां अफसाना ने एसएसपी अभिनंदन को शिकायती पत्र दिया है।

# दालमंडी में आज भी तोड़ी जा रही 5 मस्जिदें

## 250 मजदूर कर रहे काम, 1860 पुलिसकर्मी तैनात, करीमुल्लाह बेग मस्जिद को 80 प्रतिशत तोड़ा गया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी की दालमंडी गली के चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में बुधवार सुबह से शुरू हुई मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी है। चौड़ीकरण में सहमती बनने के बाद 5 मस्जिदों के चिह्नित हिस्से को गिराया जा रहा । बुधवार शाम 6 बजे तक हुई कार्रवाई के बाद गुरुवार सुबह से दोबारा कार्रवाई शुरू हुई। इसके लिए 250 मजदूर लगाए गए हैं। मस्जिद करीमुल्लाह बेग का 80 प्रतिशत हिस्सा तोड़ा जा चुका है। ध्वस्तीकरण के दौरान बुधवार की शाम 4 बजे के बाद मस्जिद मिर्जा करीमुल्लाह बेग की 20-20 फीट ऊंची दो मीनारों को मजदूरों ने जमीदोज कर दिया। लगता सुबह 7 बजे से चल रहा हथौड़ा शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान दालमंडी में सभी का प्रवेश निषेध किया गया था और मार्केट बंद करते हुए टीन लगाकर रस्ता बंद कर दिया गया था। आज भी रास्ता बंद है। दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में मोहर्रम का महीना शुरू होने के पहले 6 में से पांच धार्मिक स्थलों (मस्जिदों) के जिम्मेदारों ने चौड़ीकरण में सहमती जताते हुए। सहमति पत्र प्रशासन को सौंपा था। जिसके बाद सभी मस्जिदों की दोबारा नपाई हुई थी। और पीडब्ल्यूडी ने अधिकारियों की मौजूद में फाइनल लाल निशान लगाया था।



**मोहर्रम 26 जून को खत्म होने के बाद एक बार फिर दालमंडी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई थी। मंगलवार को पूर्व में तोड़े गए मकानों पर मजदूरों ने काम शुरू किया था। इसके बाद बुधवार से 5 मस्जिदों पर एक साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें 200 मजदूर लगे थे।**

### 50 से 60 प्रतिशत तोड़ी गई मस्जिदें

बुधवार की सुबह 7 बजे से लगे काम के बाद मस्जिदों को 50 से 60 प्रतिशत ही तोड़ा जा सका है। इस दौरान मिर्जा करीमुल्लाह बेग के दोनों मीनारों को मजदूरों ने 10-10 मिनट के अंतराल पर गिरा दिया। इसके अलावा रंगीले शाह की छत पर हथौड़ा चलने का वीडियो सामने आया। दालमंडी के अंदर किसी भी प्रकार की वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। मीडिया कर्मियों का प्रवेश भी निषेध है।

#### *दालमंडी के 5 मस्जिदों के अलावा 7 मकानों को किया गया जमीदोंज*

*अभी तक मस्जिद करीमुल्लाह बेग के मेन स्ट्रक्चर की छत तोड़ी जा रही है। इसके अलावा मस्जिद रंगीले शाह पर 70 प्रतिशत काम हो गया। उसके दो मीनार गिराए जाने हैं, जिनकी लम्बाई 10-10 फुट है। इसके अलावा नेसारन की मस्जिद, मस्जिद संगमरमर पर भी 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका हैं। मस्जिद अली रजा पर भी अभी काम 70 प्रतिशत ही हुआ है।*

# उन्नाव में हाईटेंशन लाइन जोड़ते समय प्राइवेट लाइनमैन की मौत

## करंट की चपेट में आने से हुई घटना, परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय एक प्राइवेट लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की पहचान सरोज यादव उर्फ लालू (पुत्र स्वर्गीय बालकराम, निवासी मुरव्वतपुर, थाना आसीवन) के रूप में हुई है। उनकी मां का नाम गंगावती है। परिजनों ने बताया कि सरोज यादव प्राइवेट लाइनमैन के तौर पर काम करते थे और अविवाहित थे। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।



परिजनों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब एक बजे बरौकी गहरुबाग नहर के पास हाईटेंशन लाइन जोड़ने का काम चल रहा था। इसी दौरान लाइन में अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से सरोज यादव की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जिस संविदा लाइनमैन को शटडाउन लेने की जिम्मेदारी दी गई थी, वह घटना के बाद मौके से फरार हो गया। उनका कहना है कि बिना पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए हाईटेंशन लाइन पर काम कराया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

आक्रोशित परिजनों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कॉर्पियो ट्रक में घुसी, मां-बेटी समेत 3 की मौत

## कार के पहिए टूटकर अलग, छत पूरी गायब, हरिद्वार से लौट रहे थे

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में गुरुवार सुबह 7 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार मां-बेटी समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 4 की हालत गंभीर है। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो आगे से बुरी तरह पिचक गई। पहिया निकलकर दूर गिरा। पूरी छत टूटकर अलग हो गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में गोंडा की पिंकी (34), उनकी बेटी परी (14) और सिद्धार्थनगर के दुर्गेश गुप्ता (50) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्गेश की पत्नी विजयलक्ष्मी (45), उनका बेटा अभिषेक गुप्ता, पिंकी के पति राधेश्याम (45) और उनका बेटा गोलू (12) घायल हो गया।



- **हादसे के बाद स्कॉर्पियो बुरी तरह से डैमेज हो गई। उसके पहिए टूटकर अलग हो गए। छत पूरी उड़ गई।**
- **टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सवार लोग अंदर ही फंस गए। कार को कटर से काटकर लोगों को बाहर निकाला गया।**

## गाजियाबाद में दोस्तों ने सीने-पेट में 4 मारे, आंतें बाहर आईं, परिजनों ने लगाया जाम

# बर्थडे पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बुधवार रात करीब 11 बजे उसके दोस्त उसे बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बहाने घर से बुलाकर ले गए। पार्टी के दौरान 3 दोस्तों ने उसे घेर लिया। फिर सीने में तीन और पेट में चार बार चाकू मारा। हमले में उसकी आंतें बाहर आ गईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।


मोहित मृतक

**मोहित के बड़े भाई मनीष ने बताया, "करीब 20 दिन पहले मोहित का उसके दोस्त गौरव और देव से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मोहित ने गौरव को थप्पड़ मार दिया था। उस समय उन्होंने बाहर देख लेने की धमकी दी थी।**



### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, फिर लगा जाम

गुरुवार तड़के करीब 3 बजे परिजनों को सूचना मिली कि मोहित को उसके दोस्तों ने चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल मोहित को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की हत्या से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 9 बजे शव रखकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। सूचना पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और समझाकर जाम खुलवाया।

## घटना : महोबा में मौत से पहले लड़की की मांग में सिंदूर भरा, 3 साल से था अफेयर

# प्रेमी-प्रेमिका एक रस्सी से पेड़ पर लटके मिले

तमसा संकेत, एजेंसी

महोबा। यूपी के महोबा में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे प्रेमी-प्रेमिका के शव पेड़ पर एक ही रस्सी से लटके मिले। लड़की की मांग में सिंदूर भरा था। मौके से एक मोबाइल फोन, कोल्ड ड्रिंक की बोतल और चिप्स के रैपर भी मिले हैं। गांववालों का कहना है कि दोनों ने मौत से कुछ देर पहले ही शादी कर ली थी। दोनों बुधवार रात 8 बजे से अपने घरों से लापता थे। घरवालों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घरवालों ने बताया कि दोनों के बीच पिछले 3 साल से अफेयर था। पुलिस का कहना है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। घटना जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर चरखारी थाना क्षेत्र की है। सबुआ गांव में रहने वाला उपेंद्र विश्वकर्मा (24) गांव में ही एक आरा मशीन में लकड़ी काटने का काम करता था। 3 साल पहले उसकी मुलाकात जयेंद्र नगर में रहने वाली आरती कुशवाहा (22) से हुई थी। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन अलग-अलग जाति से होने के कारण दोनों को समाज और परिवार का डर था। इसलिए उन्होंने इस रिश्ते के बारे में परिवार में भी किसी को भनक नहीं लगने दी थी। पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई (बुधवार) की रात 8 बजे आरती दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन फिर नहीं लौटी। घरवालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। देर रात उन्होंने चरखारी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बुधवार शाम से ही उपेंद्र भी ड्यूटी से घर नहीं लौटा था। घरवाले उसकी भी तलाश कर रहे थे, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे गांववाले उपेंद्र के घर के पास से गुजर रहे थे। वे लोग उपेंद्र के घर से करीब 500 मीटर दूर गुढ़ा मोड़ पर पहुंचे। वहां एक खेत में लगे आम के पेड़ पर उपेंद्र और आरती के शव एक ही रस्सी से लटकते देखे।


आरती कुशवाहा प्रेमिका | उपेंद्र विश्वकर्मा, प्रेमी

### दोस्त बोला- 3 साल से अफेयर चल रहा था

उपेंद्र के दोस्त आशीष कुमार पाठक ने बताया- दोनों के बीच पिछले 3 साल से अफेयर था। हालांकि, उपेंद्र ने कभी लड़की की पहचान या उसके परिवार के बारे में किसी को नहीं बताया। अगर उसने बताया होता, तो दोनों की शादी कराने की कोशिश की जाती।

**लड़की के चाचा ने अनिल कुमार ने बताया- रात में खाना खाने के समय पता चला कि आरती घर पर नहीं है। हम लोगों ने आसपास उसकी काफी तलाश की और पुलिस को भी सूचना दी। बुधवार सुबह पता चला कि वह एक लड़के के साथ पेड़ से लटकी मिली। परिवार को उनके अफेयर की कुछ नहीं पता था।**



### आरती के परिवार की जिम्मेदारी मां पर

आरती के पिता की करीब 5 साल पहले मौत हो चुकी है। मां मजदूरी करके घर का खर्च चलाती हैं। आरती का एक बड़ा भाई और बड़ी बहन है। वहीं, उपेंद्र 3 भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता खेती-किसानी और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# सहारनपुर में लैब टेक्नीशियन ने टीचर गर्लफ्रेंड संग सुसाइड किया

## हाथ की नस काटकर फंदे से लटका, दरवाजा तोड़कर शव निकाले गए

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में बुधवार को शादीशुदा लैब टेक्नीशियन और उसकी टीचर गर्लफ्रेंड की लाश कमरे में मिली है। माना जा रहा कि लैब टेक्नीशियन ने पहले अपने हाथ की नस काटी, फिर खिड़की के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जबकि, उसकी गर्लफ्रेंड ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

देर रात करीब 12 बजे पुलिस जब सैम कमनिश (40) के घर पहुंची तो वह फंदे से लटक रहा था। आस्था (23) का शव कमरे में फर्श पर पड़ा था। पास में एक खाली शीशी भी पड़ी थी। घटना सदर बाजार थानाक्षेत्र की है। लैब टेक्नीशियन मूल रूप से केरल का रहने वाला था। 10 साल से महापौर के मेडीग्राम अस्पताल में काम कर रहा था। गर्लफ्रेंड एक प्राइवेट इंटर कॉलेज में टीचर थी। दोनों 4 साल से रिलेशनशिप में थे। फिलहाल, पुलिस अपनी प्रारंभिक जांच में अफेयर और शादी के लिए परिवार की असहमति को वजह मान रही है। घर से कॉलेज के लिए निकली थी आस्था, लेकिन पहुंची नहीं पुलिस के मुताबिक, शहर की एसबीआई कॉलोनी स्थित तिरंगा चौक के पास एक तीन मंजिला मकान में सैम किराए पर रहता था। उसकी शादी हो चुकी है। वह महापौर डॉ. अजय सिंह के अस्पताल में नौकरी कर रहा था। आस्था गागलहेड़ी क्षेत्र की रहने वाली थी। रोज की तरह बुधवार सुबह करीब 9 बजे घर से निकली, लेकिन कॉलेज नहीं पहुंची। 11 बजे कॉलेज से आस्था के भाई के पास फोन आया कि उसकी बहन कॉलेज नहीं पहुंची है। घरवालों से बिना बताए भाई ने उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक नहीं मिली। उधर, शाम 5 बजे तक आस्था घर नहीं पहुंची तो परिजन को चिंता हुई। घरवालों को परेशान देख उसके भाई ने पूरी बात बता दी। पिता रामकिशन ने SSP को फोन कर मामले की जानकारी दी। बताया जाता है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार इसके लिए तैयार नहीं था। माना जा रहा है कि इसी वजह से दोनों ने बुधवार को आत्महत्या कर ली।


आस्था, मृतक | सैम कमनिश, मृतक

## पहली मंजिल पर बंदरों को खाना खिला रही थी, झपट्टा मारते ही बिगड़ा बैलेंस, सीसीटीवी

# 15 फीट ऊपर से गिरी लड़की

**मौत**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। वृंदावन में 13 साल की एक लड़की की पहली मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह घर की खिड़की से बंदरों को खाना खिला रही थी। इसी दौरान एक बंदर ने झपट्टा मार दिया। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया। वह करीब 15 फीट नीचे सड़क पर गिर गई।

घटना बुधवार शाम 4.30 बजे बांके बिहारी पुलिस चौकी क्षेत्र की है। गुरुवार सुबह इसका CCTV सामने आया है। फुटेज में लड़की पहली मंजिल से नीचे गिरती दिखाई दे रही है। हादसे के समय घर में लड़की का छोटा भाई ही मौजूद था, जबकि माता-पिता काम पर गए थे। आसपास के लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लड़की की पहचान संत कॉलोनी निवासी पूर्वा (13) पुत्री अनिल पांडे के रूप में हुई है।



CCTV में तीन मंजिला मकान दिखाई दे रहा है। पहली मंजिल की खिड़की पर लोहे की ग्रिल लगी है। लड़की बंदरों को खाना खिला रही है। नीचे गली में एक सफेद कार खड़ी है। घर के बाहर एक युवक बैठा हुआ नजर आ रहा है। अचानक लड़की पहली मंजिल से सीधे सड़क पर गिर जाती है। आवाज सुनते ही युवक उठकर बाहर दौड़ता है। कुछ ही सेकेंड में आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो जाती है। संत कॉलोनी में अनिल पांडे पत्नी, बेटे और बेटी पूर्वा के साथ किराए के मकान की पहली मंजिल पर रहते हैं। मूल रूप से अयोध्या का रहने वाले हैं। अनिल और उनकी पत्नी परिक्रमा मार्ग पर खाने का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। पूर्वा को उन्होंने गोद लिया था।

> बांके बिहारी चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया- बिल्डिंग की पहली मंजिल से गिरने से लड़की की मौत हुई है। लड़की मानसिक रूप से बीमार थी। परिजनों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया, जिसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।

घर के आसपास अक्सर बंदरों का जमावड़ा लगा रहता है। बुधवार सुबह अनिल और उनकी पत्नी काम पर चले गए थे। घर पर पूर्वा और उसका छोटा भाई थे। शाम के वक्त अनिल को फोन कर पड़ोसी ने बताया कि उसकी बेटी पूर्वा तीसरी मंजिल से सड़क पर गिर गई है।

उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पड़ोसी ने बताया कि वह उसे लेकर अस्पताल जा रहा है। अस्पताल में डॉक्टर्स ने पूर्वा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।



इसी बिल्डिंग के पहली मंजिल से लड़की गिरी थी।



लड़की के गिरते ही एक युवक उसे अपने कंधे पर उठाकर वहां से ले गया।

# ई-रिक्शा चालक ने होटल में महिला से किया रेप

## अलीगढ़ में सस्ता होटल दिलाने का झांसा देकर साथ ले गया था

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र के एक होटल में बुधवार को रात करीब 12 बजे महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने महिला को सस्ता होटल दिलाने का झांसा देकर कमरे में पहुंचाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के 4 घंटे बाद गुरुवार तड़के 4 बजे पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला देर रात रुकने के लिए होटल तलाश रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक ई-रिक्शा चालक से हुई। महिला ने उससे सस्ते और सुरक्षित होटल के बारे में पूछा तो उसने कम किराए में कमरा दिलाने की बात कहकर उसे बन्नादेवी क्षेत्र के नीलकंठ होटल ले गया।




बन्नादेवी थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी ई-रिक्शा चालक को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

आरोप है कि होटल में कमरा दिलाने के बाद आरोपी किराया लेने के बहाने कमरे में गया और जबरन अंदर से दरवाजा बंद कर महिला से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया।

पीड़िता की शिकायत पर बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी सिटी आदित्य बंसल के निर्देश पर पुलिस और एसओजी की टीम गठित की गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान थाना क्वारसी क्षेत्र के नगला पटवारी निवासी सुभान के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख आरोपी ने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

**फास्ट न्यूज़**

### यूपीटीईटी का पेपर देकर निकले अभ्यर्थी बोले-पेपर आसान था

आगरा। आगरा में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली की परीक्षा जिले के 26 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पहली पाली के बाद दोपहर 2:30 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा शुरू हुई।

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग

मुरादाबाद। मुरादाबाद में बुधवार देर रात एक फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू पाने में 10 घंटे से भी ज्यादा का समय लगा। मुरादाबाद के साथ ही संभल, अमरोहा और रामपुर से भी फायर ब्रिगेड की टीमों को बुलाना पड़ा। घटना मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड के सामने निर्यात नगर में स्थित कन्हैयालाल किशनलाल ओवरसीज फैक्ट्री में हुई। मानसरोवर में रहने वाले गोपाल मेहता इस फैक्ट्री के मालिक हैं। बुधवार को रात करीब 11 बजे उनकी फैक्ट्री से धुआं निकलना शुरू हुआ।

### मुरादाबाद में बिजली फॉल्ट से एक्सपोर्टर परेशान, डीएम से मिले

मुरादाबाद। निर्यातकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया से मुलाकात की। उन्होंने इंडस्ट्री की समस्याएं रखीं। निर्यातकों ने कहा कि सबसे अधिक दिक्कत बिजली विभाग की ओर से आ रही है। निर्यातकों ने कहा कि बुधवार देर रात फैक्ट्री में आग लगने की घटना भी कहीं ने कहीं बेतहाशा ट्रिपिंग का ही नतीजा है।

## प्रयागराज प्रेरणा पार्क का निरीक्षण, 6 जुलाई तक कार्य पूरा

### महापौर-नगर आयुक्त ने दिए निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के यमुना बैंक रोड स्थित कालीघाट के समीप निर्माणाधीन प्रेरणा पार्क का गुरुवार को महापौर गणेश केसरवानी और नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को 6 जुलाई तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर और नगर आयुक्त ने प्रतिमाओं के स्थापना स्थल, सौंदर्यीकरण, पाथवे, प्रकाश व्यवस्था और हरियाली सहित अन्य विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। नगर निगम द्वारा यमुना बैंक रोड स्थित बोर्ड क्लब परिसर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल



बिहारी वाजपेई और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। इन तीनों विभूतियों की प्रतिमाओं को एक प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आगामी 6 जुलाई 2026 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर इन प्रतिमाओं के अनावरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए महापौर गणेश केसरवानी और नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने अधिकारियों को सभी निर्माण, सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और पथ निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पहले पूरे करने के निर्देश दिए।

# वाटर-पार्क में डूबने से 9 साल के बच्चे की मौत

## दोस्तों के साथ नहाने गया था, कर्मचारी बनाते रहे वीडियो, संचालक पर लापरवाही का आरोप

**बेटे की मौत की खबर आते ही मां का रो-रोकर बुरा हाल है।**

तमसा संकेत, एजेंसी

एत्मादपुर (आगरा)। आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के पुरालोधी स्थित ब्लू व्हेल वाटर पार्क में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 9 साल के बच्चे की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे की है, जब बच्चा अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए वाटर पार्क पहुंचा था। जानकारी के अनुसार, छोटा गुड़ा गांव निवासी अभि (9) अपने चचेरे भाई प्रशांत और गांव के अन्य बच्चों विकास, रवि, दिनेश और हरिओम के साथ वाटर पार्क आया था। नहाने के दौरान अभि अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों ने किसी तरह



अभि
मृतक



उसे बाहर निकाला और मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन तब तक स्थिति गंभीर हो चुकी थी। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद वाटर पार्क के कर्मचारी बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय वीडियो बनाते रहे।

आरोप है कि काफी देर बाद ही बच्चे को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस लापरवाही के आरोपों ने घटना को और गंभीर बना दिया है और परिजनों में आक्रोश बढ़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे और वाटर पार्क प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में उन्होंने अस्पताल और वाटर पार्क परिसर में भी विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए वाटर पार्क को बंद करा दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संचालक के खिलाफ दी तहरीर

मृतक के पिता राकेश ने संचालक केशव के खिलाफ खंदौली थाने में तहरीर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कई स्विमिंग पूल बिना लाइसेंस, एनओसी और सुरक्षा मानकों के संचालित हो रहे हैं। उनका कहना है कि ब्लू व्हेल वाटर पार्क में न तो प्रशिक्षित लाइफगार्ड मौजूद थे और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे। परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे थे, जबकि यहां बड़ी संख्या में बच्चे नहाने आते हैं।



### एक साल पहले भी एक बच्चे की हुई थी मौत

घटना के बाद एसीपी एत्मादपुर ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना पुलिस द्वारा गेट पर ताला लगाकर चाबी साथ ले जाने पर एसीपी ने नाराजगी जताई और चाबी मंगवाकर निरीक्षण कराया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी वाटर पार्क में एक साल पहले भी एक बालक की डूबने से मौत हो चुकी थी, लेकिन उसके बाद भी इसका संचालन जारी रहा। एसीपी एत्मादपुर देवेश कुमार का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 3 महीने से वेतन नहीं मिलने पर प्रदर्शन

## अलीगढ़ में रोडवेज कर्मचारी सड़क पर उतरे

तमसा संकेत, एजेंसी

कोल। अलीगढ़ में रोडवेज कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने के विरोध में गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया। अलीगढ़ रोडवेज बस स्टैंड सारसौल पर दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में कर्मचारी इकट्ठा हुए। बकाया वेतन भुगतान की मांग की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि वेतन न मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

प्रदर्शन में शामिल इरफान अली ने बताया कि वह कासगंज के निवासी हैं। अलीगढ़ डिपो में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि लगातार ड्यूटी करने के बावजूद



उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। इस प्रदर्शन में इलेक्ट्रिशियन के साथ-साथ मैकेनिक और अन्य तकनीकी कर्मचारी भी शामिल रहे। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसी वजह से उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बकाया वेतन का तत्काल भुगतान किए जाने की मांग की।

### आगरा में 3 थाना प्रभारियों के तबादले

आगरा। आगरा पुलिस कमिश्नर ने बुधवार रात 11 बजे तीन थाना प्रभारियों के तबादले किए। ताजगंज थाना प्रभारी जसवीर सिंह सिरोही का प्रमोशन होने पर उन्हें एसीपी सैंया का चार्ज दिया गया है।

वहीं, हरीपर्वत थाना प्रभारी नीरज शर्मा को ताजगंज थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी तबादला सूची के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह को खंदौली से हरीपर्वत भेजा गया है। वहीं, परिवार परामर्श केंद्र के प्रभारी उपेंद्र श्रीवास्तव को खंदौली थाने का चार्ज दिया गया है। इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर सिकंदरा, शाहगंज समेत चार थाना प्रभारियों का तबादला कर चुके हैं। पुलिस कमिश्नर इससे पहले भी जिले में कई थाना प्रभारियों के तबादले कर चुके हैं।

हाल ही में सिकंदरा और शाहगंज समेत चार थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया था। जसवीर सिंह सिरोहीः ताजगंज थाना प्रभारी से पदोन्नत होकर एसीपी सैंया बनाए गए।

## पति संग मिलकर हमला किया, लोगों ने बचाया, सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर पुलिस जांच में जुटी

# महिला ने मोपेड सवार को पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़ (कोल)। अलीगढ़ के कोल क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला और उसके पति द्वारा मोपेड सवार व्यक्ति की बीच सड़क पर पिटाई का मामला सामने आया। घटना देहली गेट थाना क्षेत्र के नगला महताब इलाके की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार यह घटना गुरुवार सुबह करीब 8:40 बजे की बताई जा रही है। वायरल सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक महिला सड़क पर मोपेड सवार व्यक्ति को रोककर पहले बहस करती है और फिर चप्पलों से उस पर हमला कर देती है। इसी दौरान उसका पति भी मौके पर पहुंचकर मारपीट में शामिल हो जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पूरा विवाद कुछ दिन पहले हुई कहासुनी का परिणाम



बताया जा रहा है। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते महिला ने अपने पति के साथ मिलकर मोपेड सवार व्यक्ति को बीच रास्ते रोककर पीट दिया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मामले को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन तब तक मारपीट हो चुकी थी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग सड़क पर खुलेआम कानून हाथ में लेने की इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। कई यूजर्स ने इसे कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाला मामला बताया है और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### हंगामा हुआ तो इकट्ठा हुए लोग, बीच-बचावकर युवक को हटाया

सड़क पर अचानक शुरू हुए इस हंगामे को देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया था। विवाद बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मोपेड सवार व्यक्ति को सुरक्षित वहां से निकाला, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, फुटेज की सत्यता और घटना के पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगला महताब की यह घटना फिलहाल पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### राममंदिर ट्रस्टी ...

उधर, पुलिस ने जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की रिमांड पर लिया है। उसके घर से राम मंदिर का संदूक, 20 लाख रुपए नकद, 1,000 से ज्यादा डॉलर और गहने मिले थे। अविनाश मंदिर में चढ़ावे की गिनती का काम करता था। इधर, प्रशासन आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण (ADA) ने ऐसे मकानों की पहचान की है, जहां नियमों का उल्लंघन हुआ है। लवकुश मिश्रा के शहादतगंज स्थित मकान और अनुकल्प मिश्रा के कौशलपुरी स्थित मकान पर कार्रवाई हो सकती है। ADA ने लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा को नोटिस भी जारी किया है। मौजूदा सरकार में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण के दोषियों को सजा मिलती नहीं दिख रही है। 2027 में सपा सरकार बनने पर सभी दोषियों को जेल भेजा जाएगा। मंदिर की पूरी धनराशि ट्रस्ट को वापस दिलाई जाएगी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, अयोध्या में पहले से ही शंकराचार्यों का ट्रस्ट था, जिसने कोर्ट और सरकार को लिख कर दिया कि हमारे पास अनुभव है, हम मंदिर बनाएंगे। लेकिन अपने खास कार्यकर्ताओं को सेट करके सरकार ने यह राम मन्दिर ट्रस्ट बनाया। क्योंकि वो कुछ ऐसा करना चाहते थे, जिसकी भनक किसी को ना लगे जो चोर है वही जांचकर्ता बनेगा तो कैसे निर्णय होगा? विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने राम मंदिर चंदे में कथित हेराफेरी के मामले पर कहा, SIT 5 सालों के खातों की जांच करना चाहती है। सत्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी जांचना जरूरी हो SIT को जांचना चाहिए। हमें कोई आपत्ति नहीं है। पुलिस और SIT की जांच में वे जो भी उचित समझते हैं उसकी जांच करें, हम उसका स्वागत करेंगे। पुलिस ने जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे के लिए रिमांड पर लिया है। अविनाश के घर से 20 लाख कैश, एक हजार से अधिक डॉलर और गहने मिले थे। अविनाश की आज कोर्ट में पेशी थी। पुलिस ने 48 घंटे की रिमांड मांगी थी। चढ़ावा चोरी में और कितने लोग शामिल हैं, ट्रस्टियों की क्या भूमिका थी जैसे सवालों का जवाब तलाश जाएगा। अयोध्या में एसआईटी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी अब मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और आमंत्रित सदस्य गोपाल राव की भूमिका की जांच कर रही है। इससे पहले, एसआईटी ने 6 दिन जांच की थी। तब 8 आरोपियों के खिलाफ सबूत मिले थे। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी हो गई और जांच पुलिस ने शुरू कर दी। माना जा रहा है कि 6 जुलाई को अयोध्या में मंदिर ट्रस्ट की बैठक होनी है। जिसमें चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होना है। उससे पहले एसआईटी संदिग्धों की भूमिका तय करना चाहती है। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए SIT एक बार फिर अयोध्या पहुंच गई है। आज ट्रस्टी अनिल मिश्रा से पूछताछ हो सकती है। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में राम जन्मभूमि थाने पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए अधिवक्ताओं के मार्च से पहले फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हम अब ऐसे मोड़ पर पहुंच चुके हैं, जहां से पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है।

### गले 5 दिनों तक ...

मौसम विभाग के अनुसार, दो जुलाई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। तीन और चार जुलाई को प्रदेश के दोनों हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा, जबकि पांच और छह जुलाई को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने दो जुलाई के लिए प्रदेश के दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। तीन और चार जुलाई को भी कई स्थानों पर वज्रपात और भारी बारिश की संभावना बनी रहेगी, जबकि पांच और छह जुलाई को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा का खतरा बना रहेगा। विभाग के अनुसार गुरुवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापूर, चंदौली, संत रविदास नगर, सिदार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हमीरपुर, महोबा और ललितपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना अधिक है। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, आगरा, अलीगढ़, संभल, जालौन सहित प्रदेश के अनेक जिलों में तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

### बेंगलुरु में पत्थर ...

हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे। एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता, लेकिन उस समय नीचे करीब 18 लोग काम कर रहे थे। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। मलबे में दबे 4 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। खदान मालिक ने मुआवजा देने पर सहमति जताई है। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारी रंगप्पा ने बताया कि उन्होंने खदान मालिक से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये देने के लिए कहा, जिस पर उसने सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि राज्य में खनन गतिविधियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हादसा ब्लास्टिंग से नहीं, बल्कि मिट्टी के खिसकने के कारण हुआ है। विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फैसलों में एआई के...

यह मामला एस्सेल इन्फ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड, जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटेड और पूजा रमेश सिंह से जुड़े दिवालियापन विवाद का है। इस मामले में NCLT मुंबई ने IBC की धारा-7 के तहत एक याचिका स्वीकार की थी, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। NCLT ने अपने फैसले को सही साबित करने के लिए जिन कानूनी मामलों का हवाला दिया था, उनमें से कई मामले असल में थे ही नहीं। फैसले में कुछ ऐसे मामलों का नाम लिखा गया था, जो पूरी तरह से मनगढ़ंत यानी नकली थे। उनकी कानूनी साइटेशन भी बनाई गई थीं और उनका कोई वास्तविक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में शपथपत्र देकर कहा कि उनके वकील ने इन नकली मामलों का हवाला नहीं दिया था। बैंक के अनुसार, NCLT ने इन्हें अपनी तरफ से की गई रिसर्च के दौरान शामिल किया था।

### सुजुकी दो-तिहाइ...

अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने साने ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान की तकनीक, निवेश और उत्पादन क्षमता का मेल दोनों देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की पहले अनुमानित लागत करीब 2 लाख करोड़ है। इसमें से लगभग 88 हजार करोड़ जापान दे रहा है। यह पैसा जापान की सरकारी एजेंसी JICA बेहद सस्ती शर्तों पर दे रही है। इस कर्ज पर सिर्फ 0.1% सालाना ब्याज लगेगा, इसे चुकाने के लिए 50 साल मिलेंगे और पहले 15 साल तक किस्त नहीं देनी होगी। जापान अब तक इस परियोजना के लिए 1,150 अरब येन (करीब 55 हजार करोड़) मंजूर कर चुका है।

# श्रेयस इंग्लैंड में फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान, बारिश की वजह से मैच रद्द

# अभिषेक सबसे तेज 100 टी 20 छक्के लगाने वाले बैटर

**शानदार**

डरहम, एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो सका। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। इसके बाद बारिश आई और इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 59 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 68 रन की पारी खेली। वे इंग्लैंड में टी-20 फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने। भारतीय पारी के दूसरे ओवर में ईशान किशन रन



किशन 2 गेंद पर बिना खाता खोले रन आउट हुए।

आउट हुए। साकिब महमूद की आखिरी गेंद को किशन ने मिड-ऑन की ओर खेला। वे शॉट लगाते ही सिंगल के लिए दौड़ पड़े। दूसरे छोर पर खड़े अभिषेक शर्मा ने रन के लिए मना कर दिया। किशन वापस लौटे और क्रीज में पहुंचने के लिए फुल स्ट्रेच डाइव लगाई। इस दौरान ब्रूक के थ्रो पर विकेटकीपर जोस बटलर ने स्टंप बिखेर दी। किशन क्रीज से दूर रह गए। वे लगातार दूसरे मैच में रन आउट हुए। इससे पहले वे आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में भी 12 रन बनाकर रनआउट हो गए थे।

### श्रेयस ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

श्रेयस इंग्लैंड में जाकर टी-20 में फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 68 रन बनाए। यह इंग्लैंड के मैदान पर टी-20 में किसी भारतीय कप्तान की सबसे बड़ी पारी है। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। कोहली ने 2018 में कार्डिफ के मैदान पर 47 रन बनाए थे।



### रोहित-विराट के क्लब में अभिषेक शामिल

अभिषेक भारत के लिए 100 छक्के लगाने वाले पांचवे भारतीय बने। उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में जगह बनाई। रोहित शर्मा टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके नाम 205 छक्के हैं। इस रिकॉर्ड में सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पंड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) भी शामिल हैं। अभिषेक इंग्लैंड में टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। अभिषेक ने महज 20 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने केएल राहुल का 8 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। राहुल ने 2018 में मैनचेस्टर के मैदान पर 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में भारत का कोई मैच कंप्लीट नहीं हो पाया है। भारत ने यहां 3 मैच खेले हैं और तीनों मुकाबले बेनतीजा रहे।



**अभिषेक शर्मा टी-20 में सबसे कम गेंद में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 4 छक्के लगाए। अभिषेक ने 785 गेंद में 100 छक्के पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ईविन लुईस के 789 गेंद का रिकॉर्ड तोड़ा।**

# दुनिया में छाया नॉर्वे टीम का 'वाइकिंग रो' सेलिब्रेशन

## छह महीने पहले पब में हुई थी शुरुआत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में नॉर्वे के फुटबॉल फैंस का 'वाइकिंग रो' (Viking Row) सेलिब्रेशन पूरी दुनिया में छा गया है। न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक टाइम्स स्क्वायर से लेकर बोस्टन की सड़कों और वर्ल्ड कप के स्टेडियमों तक, हर जगह नॉर्वे के फैंस एक साथ बैठकर नाव चलाने (रोइंग) की एक्टिंग करते और जश्न मनाते नजर आ रहे हैं।

यह अनोखा नजारा इस वर्ल्ड कप की सबसे खास पहचान बन गया है, बिल्कुल वैसे ही जैसे 2016 के यूरो कप में आइसलैंड का 'थंडर क्लैप' मशहूर हुआ था। इस जश्न का तरीका देखने और सुनने में बेहद रोमांचक है। इसकी शुरुआत में सबसे पहले नॉर्वे का एक पारंपरिक हॉर्न बजाया जाता है, जिसके बाद सभी फैंस जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी



'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। शुरुआत में बीट बहुत धीमी होती है, जो धीरे-धीरे तेज होती जाती है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं। मैदान में जब हजारों लोग एक साथ यह करते हैं, तो स्टेडियम का माहौल रोंगटे खड़े कर देने वाला हो जाता है।

आमतौर पर फुटबॉल के ऐसे चेंट्स अपने आप बन जाते हैं, लेकिन 'वाइकिंग रो' की कहानी अलग है।

# जोकोविच विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे

## सितसिपास को 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया डिफेंडिंग चैंपियन सिनर की भी अगले राउंड में एंट्री



नई दिल्ली। नोवाक जोकोविच ने विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 39 साल के सर्बियाई स्टार ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को महज 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया। जोकोविच ने इस मैच को 6-3, 6-4, 6-2 से अपने नाम किया।

लंदन के सेंटर कोर्ट पर डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने भी संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। उन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को हराया और टूर्नामेंट में लगातार 9वां मैच जीता। करीब 2 घंटे 32 मिनट चले मैच को सिनर ने 7-6 (7-4), 7-6 (7-2), 6-4 से जीता। टूर्नामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर को पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वर्ल्ड रैंकिंग में 48वें नंबर पर काबिज बोर्गेस ने कई मौकों पर सिनर से बेहतर खेल दिखाया और दूसरे सेट में एक समय वे सेट पॉइंट तक पहुंच गए थे, लेकिन सिनर ने दबाव के क्षणों में अपना अनुभव दिखाया और वापसी की।



### बॉल किड के साथ प्रैंक और रोरी मैक्लरॉय को चैलेंज

मैच के दौरान जोकोविच काफी रिलैक्स मूड में दिखे। तीसरे सेट से पहले ब्रेक के दौरान उन्होंने अपनी टी-शर्ट से धागा काट रही एक बॉल किड के साथ मजाक किया, जैसे कि उसने उन्हें चोट पहुंचा दी हो। जोकोविच ने रॉयल बॉक्स में बैठे गोल्फर रोरी मैक्लरॉय को मजाकिया अंदाज में टेनिस मैच खेलने का चैलेंज भी दे दिया। जोकोविच ने कहा कि जो भी यह मैच जीतेगा, उसे वह 'मास्टर्स ग्रीन ब्लेजर' मिलेगा, जिसे पहनकर मैक्लरॉय मैच देखने आए थे।

### मैच के बाद जोकोविच बोले- उम्र सिर्फ एक नंबर है

जीत के बाद जोकोविच ने फैंस से बात करते हुए कहा, 'मुझे 'विंटेज' शब्द पसंद है, यह सुनना अच्छा लगता है क्योंकि यह पुराने बेहतरीन दिनों की याद दिलाता है। जब आप कोर्ट पर इस तरह का खेल दिखाते हैं, तो आपको बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जब मैं विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलता हूं, तो इन पलों को हल्के में नहीं लेता। यह मेरे बचपन के सपनों का टूर्नामेंट था। 30 साल से ज्यादा की उम्र में भी इस कोर्ट पर कदम रखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे लगता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है और यह बात बिल्कुल सच है।'

# हैरी केन के डबल गोल से जीता इंग्लैंड फीफा वर्ल्ड कप में कांगो डीआर को 2-1 से हराया

## राउंड-16 में मैक्सिको से मुकाबला होगा

अटलांटा, एजेंसी

इंग्लैंड ने FIFA वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में कांगो डीआर को 2-1 से हरा दिया। अटलांटा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड पहले हाफ तक पीछे थी। दूसरे हाफ में इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने 2 गोल कर टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई है। जहां उसका मेक्सिको से मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार 6 जुलाई को मैक्सिको स्टेडियम में खेला जाएगा। पहली बार वर्ल्ड कप का नॉकआउट मैच खेल रही कांगो डीआर ने शुरुआत में ही गोल दागकर सबको चौंका दिया। मैच के 7वें मिनट में चांसल म्बेंबा के पास पर ब्रायन सिपेंगा ने लो-शॉट लगाया। गेंद इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाते हुए गोल पोस्ट में चली गई। यह ब्रायन का पहला इंटरनेशनल गोल था। इसके बाद कांगो की डिफेंस और गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार



खेल दिखाया। म्पासी ने पहले हाफ में कई बेहतरीन सेव करके इंग्लैंड के अटैक को रोके रखा। हाफ टाइम तक कांगो 1-0 से आगे थी।

सेकंड हाफ के इंजरी टाइम में कांगो को बॉक्स के ठीक बाहर फ्री-किक मिली। योआन विसा ने बराबरी का आखिरी मौका संभालते हुए शॉट लिया। हालांकि गेंद क्रॉसबार के ऊपर से निकल गई और कांगो इस हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की यह जीत ऐतिहासिक रही। 1966 के वर्ल्ड कप फाइनल के बाद यह पहला मौका है, जब इंग्लैंड वर्ल्ड कप के किसी मैच में हाफ-टाइम तक पिछड़ने के बाद मैच जीता है।

### हैरी केन ने आखिरी 15 मिनट में खेल पलटा

मैच के 75वें मिनट में इंग्लैंड की ओर से बराबरी का गोल आया। यह गोल इंग्लैंड के स्टार फॉरवर्ड हैरी केन ने किया। एंथनी गॉर्डन के शानदार पास किया, जिसपर केन ने दमदार हेडर के जरिए गोल कर इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी दिलाई। इसके ठीक 11 मिनट बाद यानी 86वें मिनट में केन ने गोल दागकर इंग्लैंड को 2-1 से बढ़त दिला दी। इस बार केन ने म्पासी को छकाते हुए गेंद को टॉप कॉर्नर में डाल दिया।

## मनोरंजन



**हमें उम्मीद है कि यह लॉस एंजेलिस में क्रिकेट का नया घर बनेगा और आने वाली कई पीढ़ियों के फैंस और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। यह लॉस एंजेलिस के लिए है, दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के लिए है और पूरे नाइट राइडर्स परिवार के लिए है। पर्पल और गोल्ड में विश्वास रखें। इस दौरान शाह रुख ने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह को धन्यवाद भी कहा है। - शाह रुख**

### नाइट राइडर्स के नाम से विदेश में बनवा दिया क्रिकेट स्टेडियम, करोड़ों में है कीमत!

# सच हुआ शाहरुख खान का सपना

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार शाह रुख खान का क्रिकेट से लगाव किसी से छुपा नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की मालिक शाह रुख ने अब ग्लोबल स्तर पर एक ऐसा कारनामा कर दिया है, जो शायद कोई भी क्रिकेट फ्रेंचाइजी का मालिक नहीं कर सकता। शाह रुख खान ने नाइट राइडर्स के नाम से अमेरिका के शहर लॉस एंजेलिस में क्रिकेट ग्राउंड तैयार कराया है। इस स्टेडियम के बनवाए जाने को लेकर शाह रुख ने सोशल मीडिया पर अपडेट साझा किया है। यह सिर्फ खेल के लिए नहीं, बल्कि एंटरटेनमेंट, परिवारों और ऐसी यादों के लिए बनाई गई जगह है, जो हमेशा लोगों के साथ रहेंगी



### शाह रुख ने बनवाया क्रिकेट स्टेडियम

क्रिकेट की दुनिया में नाइट राइडर्स ग्रुप ने एक नया इतिहास रच दिया है। यह दुनिया का पहला ग्लोबल क्रिकेट ब्रांड बन गया है, जिसने अपना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाया है। इस मामले को लेकर शाह रुख खान ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा है- जो कभी एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट को लॉस एंजेलिस तक लाना हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पल है। फेयरप्लेक्स और नाइट राइडर्स के बीच यह लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप सिर्फ एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने तक सीमित नहीं है। हम एक ऐसी जगह बना रहे हैं, जो कम्युनिटी, एकजुटता, जोश और एंटरटेनमेंट का जश्न मनाएगी।

### नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी का समूह

मालूम हो कि शाह रुख नाइट राइडर्स आज इंटरनेशनल क्रिकेट का एक ग्लोबल ब्रांड बन चुका है, जिसके नाम कुल 9 खिताब हैं। इस ग्रुप के तहत चार प्रोफेशनल फ्रेंचाइजियां हैं कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) जो TATA IPL में खेलती है, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (TKR) जो कैरेबियन प्रीमियर लीग का हिस्सा है।

अबू धाबी नाइट राइडर्स (ADKR) जो UAE की इंटरनेशनल लीग T20 में खेलती है और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (LAKR) जो अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में हिस्सा लेती है। इसी वजह से नाइट राइडर्स को दुनिया के सबसे बहुमुखी T20 क्रिकेट ब्रांड्स में गिना जाता है।

### तीन महीने बाद ओटीटी पर आ रही ब्लॉकबस्टर फिल्म

नई दिल्ली। तीन महीने पहले दुनियाभर के सिनेमाघरों में तबाही मचाने वाली टॉप रेटेड फिल्म आखिरकार अब ऑनलाइन स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस फिल्म को इंडिया में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा रहा है।


यह फिल्म जब रिलीज हुई थी, तब इसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई से सुनामी ला दी थी। यह 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। इस फिल्म ने खर्च से तीन गुना ज्यादा कमाई की थी। इस फिल्म को भारत समेत दुनियाभर में सराहा गया और रेटिंग भी तगड़ी मिली। यह फिल्म है प्रोजेक्ट हेल मेरी (Project Hail Mary)। रयान गोसलिंग स्टारर साई-फाई थ्रिलर 20 मार्च को विदेशी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन भारत में यह फिल्म 6 दिन लेट आई थी।

### एक्ट्रेस बोलीं- लगी हुई नजर तरक्की में बदले, रणदीप हुड्डा ने मुंह छिपाकर मेट्रो में सफर किया

# अश्नूर कौर के लग्जरी घर में घुसा बारिश का पानी



नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अश्नूर कौर के लग्जरी घर में मुंबई की बारिश का बुरा असर पड़ा है। एक्ट्रेस ने हाल ही में वीडियो जारी कर बताया है कि उनके घर के सामान का काफी



नुकसान हुआ है। मुंबई की बारिश का असर सेलेब्स पर भी पड़ रहा है। एक्टर रणदीप हुड्डा ने ट्रैफिक से बचने के लिए मुंह छिपाकर मेट्रो में ट्रेवल किया है। वहीं तमन्ना भाटिया बारिश के मजे उठाती दिखी हैं। अश्नूर कौर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनके परिवार के लगभग सभी सदस्य और हाउसहेल्प मिलकर घर से पानी निकालने की जद्दोजहद कर रहे हैं। इस वीडियो के साथ अश्नूर ने लिखा है, "मुझे एक इवेंट के लिए निकलना था, और तभी घर पर ये हो गया। मेरे ऊपर लगी हर नजर खुशियों, सफलता और तरक्की में बदल जाए।"

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वो घर की बालकनी में बारिश में भीगती दिखीं। एक्ट्रेस थोड़ी देर में ही कंपकंपाने लगीं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा- मुंबई में शिवरिंग सिर्फ ऐसे ही हो सकती है। वीडियो के साथ कैप्शन में तमन्ना लिखती हैं, मुझे अभी भी ठंड लग रही है।

### एक्टर रणदीप हुड्डा ने मेट्रो में किया सफर

मुंबई मेट्रो से रणदीप हुड्डा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो मास्क से चेहरा छिपाए हुए मेट्रो में सफर करते दिखे हैं। उनके साथ टीम के कुछ सदस्य भी शामिल थे। मास्क की वजह से एक्टर आम लोगों की तरह दिख रहे थे। आसपास के लोग भी उन्हें पहचान नहीं सके।

> **बता दें कि हर साल की तरह इस साल भी मानसून की शुरुआत में ही मुंबई की कई सड़कों पर पानी भर चुका है। कई जगह ट्रैफिक व्यवस्ता पर असर पड़ा है। वहीं नवी मुंबई में सड़क में भरे पानी में करंट तक फैल गया है।**



# फिल्ममेकर की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे पवन कल्याण

## फोटोग्राफर्स को टोका, मंच पर भीड़ लगने से परेशान दिखे गेस्ट



नई दिल्ली। एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण बुधवार को साउथ फिल्ममेकर मेहर रमेश की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे थे। पवन को देखते ही फैंस की भीड़ लग गई, जिस समय उनकी सिक्योरिटी टीम को भी एक्टर की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करते देखा गया। जैसे ही पवन मंच पर आए, भारी भीड़ जमा होने से रिसेप्शन में पहुंचे गेस्ट के साथ ही धक्का-मुक्की हो गई, जिससे कुछ मेहमान परेशान दिखे। पवन के अलावा साउथ इंडस्ट्री के कई और लोग भी इस शादी में पहुंचे हैं।

पवन कल्याण पत्नी पूर्व रशियन मॉडल पत्नी अन्ना लेझनेवा के साथ रिसेप्शन में पहुंचे। उनकी एंट्री के साथ ही वहां मौजूद सभी कैमरामैन उनकी तस्वीरें क्लिक करने आगे बढ़े। इस दौरान पवन कल्याण ने इशारा करते हुए तस्वीरें न लेने के लिए टोका। इसके बाद वो मंच पर पहुंचे, जहां भारी भीड़ जमा हो गई।

मंच पर पवन और उनकी पत्नी ने फिल्ममेकर की बेटी को तोहफे दिए। पवन कल्याण को मंच से उतरता देख कई लोग तस्वीर क्लिक करवाने और करने के लिए उतावले हो गए, जिस समय मंच पर मौजूद मेहमान ही धक्का-मुक्की का शिकार हो गए।

## ईरान ने विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया ■ बोली- मेरे लिए यह सम्मान की बात

# महबूबा खामेनेई के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

**निमंत्रण**

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी



पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती 3 से 6 जुलाई के बीच तेहरान में होने वाले ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। उन्हें ईरान ने भारत की विशेष अतिथि के तौर पर आधिकारिक निमंत्रण भेजा है।

महबूबा ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। जिंदगी में एक बार मिलने वाला ऐसा अवसर है। मैं खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने तेहरान जाऊंगी। ईरान भाजपा, कांग्रेस और पीडीपी के नेताओं के अलावा जैन संत आचार्य लोकेश मुनि को भी न्योता भेज चुका है। भारत सरकार की ओर से विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। ईरान का अनुमान है कि अंतिम यात्रा में 1.5 से 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं, जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा राजकीय अंतिम संस्कार होगा। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने देशवासियों से पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों की मौजूदगी इस्लामिक ईरान के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। गालिबाफ ने कहा, पूरी दुनिया तक बदले की आवाज पहुंचनी चाहिए। उन्होंने लोगों से शनिवार से शुरू होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा। अमेरिका ने कई महीनों की रोक के बाद इराक को अमेरिकी डॉलर की नकद खेप भेजना फिर शुरू कर दिया है।

### ईरान बोला- होर्मुज अमेरिका का खेल का मैदान नहीं

ईरान की सेना के खातम अल-अंबिया सेंट्रल मुख्यालय ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका का खेल का मैदान नहीं, बल्कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की संप्रभुता वाला क्षेत्र है।

सेना ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने इस जलमार्ग में किसी तरह का हस्तक्षेप किया, तो उसे तेज और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

### खामेनेई के विदाई समारोह की अंतिम तैयारियां पूरी

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के विदाई समारोह से पहले तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी परिसर में देश-विदेश से आने वाले लोगों और प्रतिनिधिमंडलों की मौजूदगी में खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### खामेनेई के परिवार के 5 ताबूत एक साथ रखे गए

ईरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से पहले उनके परिवार के पांच सदस्यों के ताबूत एक साथ रखे गए। इनमें खामेनेई, उनकी बेटी, बहू, पोते और दामाद के ताबूत शामिल हैं। इन सभी का अंतिम संस्कार खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। ईरान में अंतिम संस्कार की रस्में कई दिनों तक चलेंगी, जिनमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों और प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है।



एमओयू पर हस्ताक्षर के दो हफ्ते बाद भी फ्रीज फंड जारी होने, तेल निर्यात में राहत, होर्मुज में सामान्य आवाजाही, लेबनान में युद्धविराम और परमाणु मुद्दे जैसे अहम मामलों पर दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी है।

# रेलवे टिकट बुकिंग सिस्टम 5 गुना तेज होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रेलवे अपने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को पूरी तरह से अपग्रेड कर रहा है। इस बड़े बदलाव के बाद रेलवे का नया बुकिंग सिस्टम हर मिनट 1.25 लाख टिकट बुक कर सकेगा। यह मौजूदा क्षमता से पूरे 5 गुना ज्यादा है। अभी रेलवे का सिस्टम एक मिनट में सिर्फ 25 हजार टिकट ही प्रोसेस कर पाता है, जिससे तत्काल बुकिंग या भारी लोड के समय यात्री परेशान होते हैं। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (CRIS) ने बुधवार को अपने 41वें स्थापना दिवस पर यह जानकारी दी।

CRIS के मुताबिक, टिकट बुकिंग क्षमता में 5 गुना बढ़ोतरी से सिस्टम की परफॉर्मेंस में बड़ा सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे यात्रियों की रिजर्वेशन की बढ़ती मांग को तेजी से पूरा कर सकेगा। आम यात्रियों को अब तत्काल टिकट बुक करते समय एप या वेबसाइट के बार-बार हैंग होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल लॉन्च हुए रेलवे के सुपर एप 'रेलवन' को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इसका आसान डिजाइन यात्रियों को बेहतर अनुभव देता है। अब तक इसे 4.35 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है और इस एप से हर दिन औसतन 10 लाख ट्रांजैक्शन हो रहे हैं। रेलवे अब कामकाज को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। इसके आने से ट्रेनों के मेंटेनेंस का काम खराबी आने से पहले ही हो जाएगा, जिससे हादसे रुकेंगे और सुरक्षा मजबूत होगी।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' में भरी पहली उड़ान

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक नए 'एयरफोर्स वन' विमान से अपनी पहली उड़ान भरी। यह नया विमान दरअसल कतर द्वारा तोहफे में दिया गया एक बोइंग 747-800 जेट है, जिसकी कीमत करीब लगभग 3300 करोड़ रुपये है। बता दें कि बुधवार को इस विमान ने अपनी पहली आधिकारिक उड़ान नॉर्थ डकोटा के लिए भरी, जहां ट्रंप थिओडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी देखने पहुंचे थे।

### पाकिस्तान में दो बड़े हादसे, नाव पलटने से 7 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैफुल्ला झील में एक टूरिस्ट बोट के पलटने से सात लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता हो गया। जिला पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि बुधवार को स्वात जिले के खूबसूरत कलाम इलाके में यह नाव पलट गई, जिसमें एक ही परिवार के आठ सदस्य घूमने गए थे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सात पीड़ितों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि बचाव दल, पुलिस अधिकारी और स्थानीय स्वयंसेवक लापता व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं।

### भारत-नेपाल सीमा विवाद सुलझाने को तैयार बालेन शाह

काठमांडू। भारत से लगने वाली सीमा पर विवाद के जो मसले हैं नेपाल उन्हें बातचीत, ऐतिहासिक समझौतों और मानचित्रों के आधार पर सुलझाने के लिए तैयार है।

नेशनल असेंबली में सांसदों के प्रश्नों के उत्तर में खनाल ने कहा, मई में संसद में दिए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के भाषण में सीमा मसले पर कही गई बातों की विदेश मंत्रालय ने देश को जानकारी दी है।

# चांदी 3,863 चढ़कर 2.25 लाख किलो हुई

## सोना 1,708 बढ़कर 1.43 लाख का हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 2 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,708 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, 1 किलो चांदी 3,863 रुपए चढ़कर 2.25 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इससे पहले बीते महीने यानी जून में सोना-चांदी में गिरावट रही थी। बीते महीने सोना 13 हजार और चांदी 34 हजार रुपए सस्ती हुई थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10 हजार रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी हजार रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.43 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.29 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

■ एक महीने में सोना 13 हजार, चांदी 34 हजार सस्ती

## कहा- जापान की पहली महिला पीएम का स्वागत, भारत में खाद के 1000 प्लांट लगेंगे

# मोदी ने ताकाइची को छोटी बहन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ संयुक्त प्रेस बयान में उन्हें अपनी 'छोटी बहन' बताया। उन्होंने कहा कि ताकाइची की यह भारत की पहली यात्रा है और जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री का स्वागत करना खुशी की बात है। मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा का संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड मैटेरियल्स और सप्लाई चेन को मजबूत किया जाएगा। इंडिया-जापान बायोगैस इनिशिएटिव के तहत देश में 1000 बायोगैस और ऑर्गेनिक खाद प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे गोबरधन योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और जापान ने तेल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन और न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि भारत और जापान आर्थिक सुरक्षा को साझा सुरक्षा और ऊर्जा परिवर्तन को साझा अवसर मानते हैं।



■ जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर भारत आई हैं।

दोनों नेताओं ने बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यूक्लियर एनर्जी, निवेश, रक्षा, स्टार्टअप, रिसर्च और इंडो-पैसिफिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। मोदी ने कहा कि अगले साल भारत और जापान के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होंगे, जिसे दोनों देश विशेष रूप से मनाएंगे।

### मोदी बोले- ऑटो सेक्टर जैसी साझेदारी अब एविएशन में भी होगी

मोदी ने कहा कि भारत और जापान ऑटोमोबाइल सेक्टर की सफलता को अब जहाज निर्माण, एविएशन और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में भी दोहराएंगे।

उन्होंने कहा कि दोनों देश टैलेंट मोबिलिटी, स्किल डेवलपमेंट, टेक्निकल इंटर्नशिप, रिसर्च, शिक्षा और स्टार्टअप में सहयोग बढ़ाएंगे।



■ मोदी और ताकाइची ने हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए।

### ताकाइची बोलीं- मोदी मेरे बड़े भाई जैसे

ताकाइची ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपनी 'सुंदर छोटी बहन' कहा। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने आपसी रिश्ते को भाई-बहन की तरह आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

उन्होंने कहा कि जापान की फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक नीति और भारत की महासागर पहल एक-दूसरे की पूरक हैं। इसी वजह से दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

## उसे सही ठहराने का कोई बहाना नहीं', यूएन में भारत का पाकिस्तान को सख्त संदेश

# 'आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी'

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख और जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती के साथ दोहराया। संयुक्त राष्ट्र (UN) में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वथानेनी ने दुनिया के देशों से अपील की है कि वे आतंकवाद की खूनी सोच को जड़ से खत्म करने के लिए एक साथ मिलकर काम करें।

पर्वथानेनी ने साफ और सख्त शब्दों में कहा कि किसी भी शियाकत या वजह के नाम पर आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता है।

राजदूत हरीश पर्वथानेनी ने आगे कहा कि भारत दशकों से सीमा पार से होने वाले आतंकवाद का शिकार रहा है। हमारे देश ने अपनों को खोया है, परिवार तबाह हुए हैं और समाज को भारी नुकसान पहुंचा है। इसी दर्द की वजह से भारत का मानना है कि आतंकवाद के पक्ष में कोई दलील नहीं दी जा सकती। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि हमें आतंकवाद फैलने के कारणों पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन किसी भी परिस्थिति को आतंकवाद का बहाना नहीं बनाया जा सकता। सबसे बड़ा मानवाधिकार 'जीने का अधिकार' है और आतंकवाद इसी अधिकार पर सबसे बड़ा हमला है।



### सभी धर्मों के खिलाफ नफरत का विरोध

भारत ने साफ किया कि वह किसी भी धर्म, जाति या नस्ल के खिलाफ होने वाली नफरत की कड़ी निंदा करता है। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सिर्फ इस्लाम फोबिया, क्रिश्चियन फोबिया या यहूदी विरोधी नफरत तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अन्य सभी धर्मों (जैसे हिंदू, सिख, बौद्ध) के खिलाफ होने वाली नफरत को भी स्वीकार करना और रोकना चाहिए।

### आतंकवाद पर कोई 'दोहरा रवैया' नहीं चलेगा- भारत

वैश्विक मंच पर आतंकवाद के मुद्दे पर दो टूक अंदाज में भारत ने कहा कि आतंकवाद के मामले में दुनिया को 'दोहरे मापदंड' बंद करने होंगे। कोई भी आतंकवादी 'अच्छा या बुरा' नहीं होता, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले, उन्हें पैसा देने वाले और पनाह देने वाले देशों को कानून के कठघरे में खड़ा करना बेहद जरूरी है।

### आतंकवाद की फंडिंग रोकने पर जोर

इसके अलावा भारत ने जोर देकर कहा कि आतंकवादियों तक पहुंचने वाले पैसे को रोकना सबसे जरूरी है। इसके लिए दुनिया के देशों को आपस में वित्तीय खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (FATF) के नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए, ताकि आतंकवादियों को पैसा न मिल सके।

भारत ने इस बात पर चिंता जताई कि आतंकवादी अब नई तकनीकों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की समीक्षा बैठक में इस बात पर कोई ठोस फैसला न हो पाना कि आतंकवादियों को तकनीकी हथियारों से कैसे दूर रखा जाए, काफी निराशाजनक है।

# वॉट्सएप पर 'यूजरनेम की' के बिना मैसेज नहीं होंगे

## सरकार के नोटिस के बाद कंपनी ने जारी की गाइडलाइन




नई दिल्ली, एजेंसी

वॉट्सएप ने अपने आने वाले 'यूजरनेम' फीचर को लेकर एक डिटेल्ड FAQs यानी अक्सर पूछे जाने वाले सवालों की गाइडलाइन जारी की है। केंद्र सरकार ने हाल ही में वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा को नोटिस जारी कर इस फीचर से होने वाले संभावित फ्रॉड के खतरों पर चिंता जताई थी।

सरकार ने चेतावनी दी थी कि जब तक इस मुद्दे पर पूरी संतुष्टि नहीं हो जाती, तब तक इसे रोलआउट न किया जाए। इसके बाद वॉट्सएप ने स्पष्ट किया है कि वह सुरक्षा के क्या-क्या कदम उठा रहा है। कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। हालांकि, यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा। जब यह फीचर यूजर के इलाके में उपलब्ध होगा, तब उसके वॉट्सएप के अंदर नोटिफिकेशन मिलेगा।


**हड़कंप :** 9 मंजिला इमारत ढही, मलबे में दबे लोग, रूस ने कीव पर मिसाइलों और ड्रोन से भीषण हमला किया

# रूस के भीषण हमले से दहला कीव

कीव/मॉस्को, एजेंसी

पिछले चार साल से ज्यादा समय से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। संघर्षों से घिरी दुनिया में जहां एक ओर कई देशों के बीच युद्ध शुरू हुए और फिर बात शांति स्थापना तक पहुंची। वहीं दूसरी ओर रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में शांति समझौते की स्थिति या फिर संघर्षविराम की पहल दूर-दूर तक नहीं दिख रही है।

इसी क्रम में स्थिति और ज्यादा गंभीर तब हो गई, जब गुरुवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन से अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। इस हमले ने यूक्रेन की राजधानी कीव को पूरी तरह से दहला दिया। जानकारी के अनुसार इस हमले में अबतक आठ लोगों की मौत हो गई और 39 लोगों घायल हो गए।



दरअसल, रूस का यह गुस्सा यूक्रेन के उस बड़े पलटवार का नतीजा है जो उसने कुछ ही घंटे पहले रूस के अंदर घुसकर किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि उनकी सेना ने रूस के भीतर तीन बड़े ठिकानों को तबाह किया।

इसमें रूस के उफा में स्थित एक बहुत बड़ी तेल रिफाइनरी, पेन्जा इलाके में रूस का एक सैन्य परिसर (मिलिट्री कॉम्प्लेक्स) और मॉस्को क्षेत्र में रूस का एक सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेंटर शामिल था। जेलेंस्की ने साफ कहा कि पुतिन रुकना नहीं चाहते, इसलिए हमें रूस के सामने ऐसी परिस्थितियां खड़ी करनी होंगी कि उनके लिए युद्ध लड़ना असंभव हो जाए।

इस युद्ध में जान-माल का कितना भयानक नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा अमेरिका के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' (CSIS) की ताजा रिपोर्ट से मिलता है। रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

### एक साथ कई अपार्टमेंट्स में लगी आग

शहर के बीचों-बीच स्थित एक होटल की छत और कई अपार्टमेंट्स में भीषण आग लग गई। हालांकि हमले की पहले से चेतावनी होने के कारण, कीव के हजारों नागरिक अपने पालतू जानवरों और सोने के बैग के साथ जान बचाने के लिए जमीन के नीचे बने मेट्रो स्टेशनों में छिप गए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, इस हमले में कम से कम 11 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें 5 मेडिकल कर्मचारी शामिल हैं।

■ बता दें कि बुधवार देर रात कीव में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इसके कुछ ही देर बाद रूस की तरफ से खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन बरसने लगे। कीव के डेस्न्यान्स्की इलाके में एक 9 मंजिला रिहायशी इमारत पर सीधी मिसाइल गिरी, जिससे उसका एक हिस्सा ढह गया। मलबे में कई लोग फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

# थाईलैंड में 11 साल के बच्चे ने तीर्थयात्रियों पर चढ़ाया पिकअप ट्रक



बैंकॉक, एजेंसी

पूर्वोत्तर थाईलैंड में गुरुवार को एक 11 वर्षीय लड़के ने तीर्थयात्रा पर निकले भिक्षुओं के एक समूह पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 8 भिक्षुओं की मौत हो गई।

समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, मुकदाहान के गवर्नर वोरयान बुन्नारत ने बताया कि पांच भिक्षुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 अन्य घायल भिक्षुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी 11 वर्षीय लड़का अब उनकी हिरासत में है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के सटीक कारणों की अभी जांच की जा रही है। हालांकि, हादसे में सुरक्षित बचे भिक्षुओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने देखा था कि वाहन ने अपना संतुलन खो दिया था, जिसके बाद वह सड़क से फिसलकर सीधे उनके समूह से आ टकराया। राजधानी बैंकॉक से लगभग 600 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित मुकदाहान प्रांत के कुल 35 बौद्ध भिक्षु इस तीर्थयात्रा पर निकले हुए थे, जब यह दुखद घटना घटी।

**तमसा संकेत**

tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533

R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676